WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आस-पास 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2017 /72749 भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025 , शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत -2082 , वर्ष -9 अंक -194 पृष्ठ -08 मूल्य-4 भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस-6 सेशन में 36 डीजीपी

पीएम-गृहमंत्री और एनएसए के समक्ष देंगे प्रेजेंटेशन

अपने-अपने राज्यों का क्राइम-पैटर्न बताएंगे, सभी राज्यों के डीजीपी से प्रधानमंत्री-गृहमंत्री पूछेंगे सवाल

मीटिंग में 500 अफसर, ड्रोन से निगरानी

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित आईआईएम कैंपस में डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस का आज पहला दिन है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाई प्रोफाइल मीटिंग का शुभारंभ किया। मीटिंग में नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल समेत 500 अधिकारी शामिल हुए हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी आज रात रायपुर पहुंचेंगे। डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में 6 सेशन में 36 डीजीपी प्रेजेंटेशन देंगे। प्रेजेंटेशन में अपने-अपने राज्यों के क्राइम ग्राफ, क्राइम पैटर्न और उसे रोकने की जानकारी देंगे। हर राज्यों को प्रेजेंटेशन के लिए 1-1 घंटे का समय मिलेगा। प्रेजेंटेशन के बाद कॉमन क्राइम पैटर्न की लिस्ट तैयार होगी। इसके साथ ही सभी राज्यों के डीजीपी संयुक्त चर्चा कर क्राइम खत्म करने की स्ट्रैटजी बनाएंगे।

4 राज्यों के अधिकारी छत्तीसगढ़ के मुद्दों पर करेंगे चर्चा

छत्तीसगढ़ के लिए लिहाज से डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस के लिए 16 से ज्यादा एजेंडे चुने गए हैं। इनमें ड्रग्स, साइबर फ्रॉड, नक्सलवाद और धर्म परिवर्तन शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस में क्राइम ग्राफ और एक्शन डिटेल्स शामिल होंगे। ओडिशा, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के अधिकारी भी छत्तीसगढ़ के इन मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे।

प्रेजेंटेशन के बाद होगे सवाल जवाब

छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी ने बताया कि 3 दिनों का पूरा एजेंडा सेट रहता है। टाइम के हिसाब से उपस्थित होकर प्रेजेंटेशन दिया जाता है। 45 मिनट से 1 घंटे का प्रेजेंटेशन होता है। फिर इस पर सवाल जवाब होते है। अवस्थी ने बताया कि प्रधानमंत्री-गृहमंत्री सवाल पूछ लेते हैं। गृह राज्यमंत्री, एनएसए भी सवाल पूछते हैं। कॉन्फ्रेंस में नक्सलवाद, आतंकवाद, ड्रग नेटवर्क, सीमा सुरक्षा और सांप्रदायिक तनाव जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक को देश की सुरक्षा नीति का अहम आधार माना जाता है।

इसमें पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह और एनएसए डोभाल, इंटेलिजेंस और ■ शेष पृष्ठ 6

पीएम से सीधे विचार साझा करेंगे अफसर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वार्षिक सम्मेलन में निरंतर गहरी रुचि दिखाई है और स्पष्ट चर्चाओं को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने एक ऐसा माहौल तैयार किया है जहां पुलिस व्यवस्था पर नए विचार उभर सकें। व्यावसायिक सत्र, विस्तृत बातचीत और विषयगत चर्चाएं प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण आंतरिक सुरक्षा और नीतिगत मामलों पर सीधे प्रधानमंत्री के साथ अपने विचार साझा करने का अवसर प्रदान करती हैं।

देश के 3 सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन को मिला सम्मान

दिल्ली के गाजीपुर थाना को पहला स्थान, गृह मंत्री ने किया सम्मानित

डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम के दौरान 3 पुलिस स्टेशनों को सम्मानित किया गया है। इनमें दिल्ली के गाजीपुर को पहला स्थान, जबकि अंडमान के पहरगांव थाने को दूसरा और कर्नाटक के कवितला रायचूर थाने को तीसरा स्थान मिला है। ये कॉम्पटीशन अलग-अलग टाइप के थानों के बीच था। पहले 70 थानों में से टॉप 10 थानों को निकाला गया और फिर इनमें 3 थानों को पुरस्कार दिया गया। वहीं पहला स्थान पाने पर दिल्ली के ■ शेष पृष्ठ 6

आज बेबाक

कर्नाटक के कांग्रेसी जो नाटक कर रहे हैं उससे लोगों का बढ़िया मनोरंजन हो रहा है। ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले के मुताबिक उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार अब सीएम की कुर्सी चाहते हैं और यह गाते हैं फिर रहे हैं कि - जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा...। लेकिन सीएम सिद्धारमैया पूरे पांच साल तक ता-ता थैय्या करने की कसम खाए बैठे हैं। ये गुनगुना रहे हैं कि कसमें वादे प्यार वफा सब बाते हैं बातों का क्या....। इधर कांग्रेस हाईकमान है कि अपनी अलग तान छेड़े बैठे हैं कि - आग लगी हमरी झोपडिया में हम गायें मलहार।

कपिल के कनाडा स्थित कैफे पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए हास्य कलाकार कपिल शर्मा के कनाडा के सरे स्थित कैफे 'कैप्स कैफे' में गोलीबारी की घटनाओं के कथित मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लुधियाना, पंजाब के निवासी बंधु मान सिंह सेखों (28) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इंस्पेक्टर मान सिंह, अरविंद और सुंदर गौतम के नेतृत्व वाली टीम ने 24 और 25 नवंबर की मध्यरात्रि को उसे लुधियाना से गिरफ्तार किया था। कनाडा पुलिस की कार्रवाई के बाद सेखों सितंबर में कनाडा से भारत भाग आया था जहां से उसके कई साथी पहले से ही गरिफ्तार हो चुके थे।

रूस-यूक्रेन जंग के बाद पहली बार भारत आ रहे पुतिन

तेल-एस400 सिस्टम खरीदने पर होगी बात

नई दिल्ली/वार्ता। पुतिन 23वीं भारत-रूस समिट में भाग लेंगे। ये भारत और रूस के बीच होने वाली सालाना बैठक का हिस्सा है। हर साल दोनों देश बारी-बारी से इस बैठक की मेजबानी करते हैं। इस बार भारत की बारी है। समिट के दौरान पुतिन पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेता क्रूड ऑयल डील के साथ एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात कर सकते हैं। रूसी तेल खरीद की वजह से अमेरिका ने भारत के निर्यात पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा रखा है, जिससे भारत 50 प्रतिशत टैरिफ झेल रहा है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है।

डिफेंस सिस्टम खरीदने पर चर्चा

भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने पर बातचीत हो सकती है। क्योंकि यह पाकिस्तान के खिलाफ हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान काफी प्रभावी रहे थे। ऐसे पांच सिस्टम्स की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से ■ शेष पृष्ठ 6

डिफेंस समझौते पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा

पुतिन की इस यात्रा में सबसे ज्यादा फोकस डिफेंस समझौते पर रहेगा। रूस पहले ही कह चुका है कि वो भारत को अपना एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट देने के लिए तैयार है। यह रूस का सबसे एडवांस लड़ाकू विमान है। वायुसेना बेड़े को मजबूत करने के लिए नए विकल्प तलाश रहा है। इसके अलावा भविष्य में एस-500 पर सहयोग, ब्रह्मोस मिसाइल का अगला वर्जन और दोनों देशों की नौसेनाओं के लिए मिलकर वॉरशिप बनाने जैसी योजनाओं पर बातचीत होने की उम्मीद है।

भारतीय इकोनॉमी दूसरी तिमाही में 8.2% से बढ़ी

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के बेहतर प्रदर्शन से मिली ग्रोथ

नई दिल्ली/ए.। इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए जीडीपी का इस्तेमाल होता है। ये देश के भीतर एक तय समय में सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को दिखाती है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत हो गई है। ये पिछली

6 तिमाही में सबसे ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में ये 5.6 प्रतिशत थी। वहीं पिछली तिमाही यानी अप्रैल-जून में ये 7.8% रही थी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के बेहतर परफॉर्मेंस की वजह से जीडीपी में ये उछाल आया है।

आरबीआई ने 6.5 प्रतिशत इकोनॉमी ग्रोथ का अनुमान जताया था: अक्टूबर को रिजर्व बैंक ने मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में फायनेंस 26 के लिए इकोनॉमी ग्रोथ का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। ये अनुकूल माहौल, सरकार और रिजर्व बैंक की सहायक नीतियों के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य ■ शेष पृष्ठ 6

भाषा और संस्कृति एक-दूसरे के हैं पूरक : सीएम यादव

- हिन्दी लोकभाषा हमारे माथे की है बिन्दी
- साहित्य का एक ही रंग- राग और आनंद
- हमने सदैव अधिसत्ता नहीं, प्रभुसत्ता की भावना रखी
- नमस्कार अब बन गया है वैश्विक शब्द
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'विश्वरंग: 2025 टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव को किया संबोधित

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भाषा और संस्कृति एक-दूसरे की सहज पूरक हैं। संस्कृति, भाषा को वह कथा-बीज देती है, जिनसे लोक-साहित्य से लेकर वैश्विक साहित्य जन्म लेता है और भाषा, संस्कृति को वह अभिव्यक्ति देती है, जिससे परंपराएं पीढ़ियों तक सुरक्षित यात्रा कर पाती हैं। भाषा और संस्कृति दोनों एक-दूसरे की संरक्षक भी हैं। साहित्य का एक ही रंग होता है, राग और आनंद का। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिन्दी भाषा सच्चे अर्थों में लोक भाषा है। हिन्दी हमारे माथे की बिन्दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी हिन्दी वैश्विक मंच पर भारत की पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ने अधिसत्ता नहीं, सदैव प्रभुसत्ता और लोक बन्धुत्व की भावना रखी। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो की पवित्र भावना से ओत-प्रोत है। यही कारण है कि आज भारतीय संस्कृति दुनियाभर में अपनी अलग पहचान रखती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में साहित्य और कला के सबसे बड़े उत्सव 'विश्वरंगङ्क2025 टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव% में देश-विदेश से आए साहित्यकारों, कलाकारों और युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी का मध्यप्रदेश की धरती पर स्वागत-अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सृजनात्मक और कलात्मक धरती हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति को जोड़ने वाली सेतु बन गई है। हमारा भोपाल अब भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषा चेतना और वैश्विक साहित्यिक संवाद का केन्द्र बन गया है। महोत्सव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में कई सत्र, कविता पाठ, पैनल चर्चा, कला प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वरंग का कैटलॉग, हिन्दी भाषा की मार्गदर्शिका एवं पुस्तकें भेंट की गईं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साहित्य सच्चे अर्थों में एक दीर्घ साधना है और साहित्यकार एक प्रयोगधर्मी साधक है। साहित्यकार अपनी कल्पनाशीलता, चिंतन और रचनात्मकता से ऐसे शब्द गढ़ता है, जो कालांतर में अमर हो जाते हैं। उन्होंने साहित्य और कला को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि विश्वरंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरीब देशों के शरणार्थियों को यूएस में घुसने नहीं दूंगा

वाशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके। थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं। ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गाड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पॉलिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रम्प ने कहा- जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा।

50 देश के साथ एफटीए पर हो रही बात : गोयल

नई दिल्ली(वार्ता)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत मौजूदा समय में 14 देशों और देश के समूह के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर बात कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं। श्री गोयल ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में हमने देखा है कि किस तरह से व्यापार को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। इस दौरान हमने दुनिया में विश्वसनीय सहयोगियों की जरूरत को भी महसूस किया है और यह समझा है कि हमें उन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसर में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार देशों के ■ शेष पृष्ठ 6

एमपी में बच्ची से रेप के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

पुलिस की पंक्चर गाड़ी से कूदकर भाग रहा था; पैर में गोली मारकर पकड़ा

भोपाल/रायसेन/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के रायसेन में 6 साल की बच्ची से रेप करने का आरोपी सलमान गुरुवार देर रात शॉर्ट एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस जब उसे गौहरगंज ले जा रही थी, तभी उसने भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस को उसे पैर में गोली मारना पड़ी। आरोपी का भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। सलमान पर आरोप है कि 21 नवंबर को वह बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर जंगल में ले गया। वहां उसके साथ रेप कर फरार हो गया। इलाके में तब से ही घटना के विरोध में धरना-प्रदर्शन चल रहा था। लोग आरोपी के एनकाउंटर की मांग कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मुताबिक,

रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी सलमान को गुरुवार रात भोपाल से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद जब

सलमान, आरोपी

उसे गौहरगंज ले जाया जा रहा था, तब पुलिस की गाड़ी औबेदुल्लागंज क्षेत्र के जंगल में पंक्चर हो गई। खरपुसे ने बताया, घटना रात करीब 3-4 बजे के बीच की है। आरोपी को गाड़ी में लेकर जा रहे थे। रास्ते में कील के कारण गाड़ी पंक्चर हो गई। बैकअप में एक और गाड़ी थी। उसे दूसरी गाड़ी में शिफ्ट करना था। उसी दौरान आरोपी ने सुल्तानगंज के थाना प्रभारी श्याम राज की पिस्टल को निकाल लिया। उनके ऊपर पिस्टल चलाने की कोशिश की। उन्होंने अपने बचाव में आरोपी का हाथ पकड़कर पिस्टल ऊपर कर दी। इस दौरान दो फायर हुए। इसके बाद दूसरी टीम ने क्रॉस फायरिंग कर उसे पकड़ा। वह भागने का प्रयास कर रहा था। उसे पैर में गोली लगी है। वहीं थाना प्रभारी को भी चोट आई है। उनका बैच गिर गया।

घटना के बाद भोपाल फॉरेंसिक साइंस लैब के इंचार्ज डॉक्टर एके बड़ोने ने अपनी टीम के साथ मौके का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि पुलिस के साथ जो संघर्ष हुआ है। उसके साक्ष्य मिले हैं। इसका हम परीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। इसके अलावा रायसेन पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर किसी धर्म, जाति या समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाली, भड़काऊ या हिंसा को उकसाने वाली सामग्री, पोस्ट साझा नहीं करने की चेतावनी दी।

6 दिन बाद भोपाल से पकड़ा गया आरोपी

पुलिस ने घटना के 6 दिन बाद गुरुवार रात आरोपी सलमान को गांधी नगर इलाके में एक चाय की दुकान से हिरासत में लिया। इसके बाद उसे गौहरगंज पुलिस के हवाले किया गया। गौहरगंज पुलिस उसे लेकर रात में ही रवाना हो गई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नव प्रदेश
छत्तीसगढ़



मोदी शाह के संकल्प और साय दूरदर्शिता से टूटती नक्सलवाद की कमर

■ **डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में बनेगी बस्तर विकास पर रणनीति**

रायपुर/नवप्रदेश। हर साल बस्तर में सैकड़ों मौतें होती रही केंद्र ने फोर्स भेजने के सिवा कुछ नहीं किया दो साल पहले पहली बार दृढ़ता के साथ बने एक्शन प्लान से टूटी नक्सलवाद की कमर बीते चार दशक से ज्यादा समयकाल में बस्तर इलाके में पनपा हिंसा का तांडव किसी को भी कंपकंपा देने के लिये काफी है। बस्तर के जंगलों में पेड़ों की संख्या ज्यादा है या यहां अब तक चली गोलियों की तादाद ज्यादा है, यह बहस का मुद्दा हो सकता है, लेकिन कड़वा सच यही है कि आदिवासियों ने हजारों की तादाद में अपनों को खोया है। कभी नक्सलियों की गोली से मारे गए तो कभी फोर्स के जवानों की बुलेट से। कभी कुल्हाड़ी से काटकर तो कभी पीट-पीट कर सिहरन पैदा करने वाली पीड़ादायक मौतें भी देखी है आदिवासियों ने। नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान माओवादी भी मारे गए और जवान भी शहीद होते रहे। रक्त और आंसुओं की बहती धार के बीच बस्तर बार-बार लहूलुहान होता रहा। लेकिन अब इस इलाके में शांति की उम्मीदों की किरणें फूटने लगी हैं। राज्य निर्माण से पहले पनपे नक्सलवाद की कमर तोड़ने तब की नरसिम्हा राव सरकार या अटल सरकार के कार्यकाल में कोई भी बड़ा फैसला नहीं किया गया। बाद में मनमोहन सिंह सरकार ने केंद्रीय बल भेजने की जिम्मेदारी तो निभाई, लेकिन फोर्स तैनात करने के सिवा कोई और काम नहीं किया गया। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में भी इस समस्या का समाधान तलाशने की दिशा में कुछ खास काम नहीं किया गया। लेकिन, मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में ही ठोस रणनीति बनाने का काम हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माओवाद को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिये। तीसरे कार्यकाल से पहले से ही नक्सलवाद पर योजनाबद्ध तरीके से अटैक शुरू किये गए। 23 महीने पहले विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक छत्तीसगढ़ में करीब पांच सौ नक्सली न्यूट्रलाइज किए गए हैं। नक्सल संगठनों ने माना है कि ये नक्सली उनके संगठन से जुड़े थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुरुआती दौर में नक्सलियों से बातचीत करने की रणनीति बनाई। बाद में रणनीति बदली गई। एक तरफ फोर्स ने नक्सलियों पर खतरनाक तरीके से अटैक करना शुरू किया तो दूसरी ओर नक्सलियों से आत्मसमर्पण कराने की कोशिशें भी शुरू की गई। हर स्तर पर नक्सली संगठनों और नेताओं से बातचीत की कोशिशें की गई। इन कोशिशों का सकारात्मक असर हुआ। बीते महीनों में कई इनामी नक्सलियों को मार गिराया गया। सैकड़ों नामी गिरामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। बड़ी तादाद में नक्सली हथियार डालकर शांति का रास्ता अपनाने के लिये तैयार हो गए। सेंट्रल कमेटी के सदस्यों के साथ सैकड़ों हथियारबंद नक्सलियों ने हथियार डाल दिये। करोड़ों के ईनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

नव प्रदेश EXCLUSIVE WWW.NAVPRADESH.COM

एक साल पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का दावा किया था। उस समय शाह के दावे पर किसी को भी यकीन नहीं था। लेकिन यह दावा अपनी मंजिल की ओर सफलता के साथ काफी आगे बढ़ चुका है। इस कामयाबी के पीछे मजबूत इरादे के सिवा कुछ भी नहीं है। मोदी, शाह और साय के मजबूत इरादों के साथ ही फोर्स के बहादुर जाबांजों ने जिस दृढ़ता के साथ नक्सलवाद पर प्रहार किये हैं, उसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल में दो साल से भी कम समय में इस पैमाने पर नक्सलवाद के खात्मे की उम्मीद नहीं की गई थी। केंद्र की मोदी सरकार के साथ राज्य की साय सरकार की प्रतिबद्धता और सिक्योरिटी फोर्स की जाबांजी के दम पर यह असंभव सा अभियान संभव होने लगा है।

छत्तीसगढ़ पहुंचे प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन

रायपुर। बिहार चुनाव में जीत के बाद भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शुक्रवार सुबह राजधानी रायपुर पहुंचे. विमानतल पर उनके स्वागत के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री केदार कश्यप के साथ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मीडिया से चर्चा के दौरान नितिन नबीन ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ भाषा दिवस है, छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई देता हूं. बिहार की जीत के लिए छत्तीसगढ़वासियों का धन्यवाद. बीजेपी के सभी कार्यकर्ता, जिन्होंने बिहार चुनाव में योगदान दिया उनका भी अभिनंदन है. इस जीत का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं को जाता है।डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस पर डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि छत्तीसगढ़ इतनी बड़ी बैठक को होस्ट कर रहा है. यह सब दिखाता है कि पूर्व पीएम अटल वाजपेयी ने जो छत्तीसगढ़ के निर्माण में काम किया और उसके विकास के लिए अब पीएम मोदी काम कर रहे हैं. हमने पहले ही कहा था कि हमने ही बनाया है हम ही संवारेंगे. तो हम संवारने का काम हम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन से जिला अध्यक्षों की सूची को लेकर सवाल किया गया. उन्होंने कहा किबैठक कर आगे की रणनीति तैयार करेंगे।

नक्सलवाद पर नितिन नबीन का बयान

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री और पीएम मोदी का जो संकल्प है, उस पर काम चल रहा है. छत्तीसगढ़ सरकार का भी वही संकल्प है. छत्तीसगढ़ के स्वभाव के अनूकूल ही प्रदेश विकसित हो यही उद्देश्य है।

हांथियों के दल ने बुजुर्ग पर किया हमला, मौके पर मौत

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में पिछले कुछ वर्षों से मानव-हाथी संघर्ष की चिंता बढ़ती जा रही है क्यो की हाथी जिस रास्ते से गुजरते हैं उसी मार्ग को वे दुबारा चुन कर गुजरते हैं जिससे उनके मार्ग में किसी व्यक्ति के आने व मकान पढ़ जाने से दुर्घटना की संभावना हमेशा बना रहता हैं। बीती रात हाथियों के दल ने एक ग्रामीण पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान फूलसाय पिता जानसाय, उम्र लगभग 70 वर्ष, निवासी ग्राम बिसुनपुर बाँध पारा, थाना चरचा के रूप में हुई है।जो कि रेल्वे ट्रैक के निकट एक पेड़ में ही अपना अस्थाई घर बना कर रहता था जो कि रेल्वे कर्मचारियों के हस्तक्षेप के बाद उसी पेड़ के नीचे एक कुटिया बना कर पिछले कुछ महीनों से रह रहा था जानकारी के अनुसार, देर रात क्षेत्र में हाथियों की गतिविधि बढ़ी हुई थी, जिस पर वन विभाग का गश्ती दल नजर बनाए हुए था। इसी दौरान घर के पास मौजूद फूलसाय पर हाथियों के दल ने अचानक रेल्वे ट्रैक पर मालगाड़ी के आ जाने से बिछड़े दल के हाथी सदस्यों ने घर पर ही तोड़ फोड़ कर दिया जिससे मृतक के भागने के दौरान मौत होने की बात कही जा रही। कोरिया जिले के वनक्षेत्र में विगत कई वर्षों से हांथी दल का आवागमन जारी है उनके दस्तक से वन विभाग एहतियात बरतता है। हांथी दल पर निगरानी रखने वन अमला पूरी मुस्तैदी से 24 घंटे की गस्त पर रहता है। ग्रामीणों में आवश्यक सुझाव समझाइश के साथ अपील की जाती है ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटित हो फिर भी जंगली हांथी दल के विचरण रास्ते में फसल,मकान, जनहानि नुकसान की संभावना बनी रहती है ।

रेलवे ट्रैक क्रास के दौरान हुआ हादसा

बीते दो दिन से सलका क्षेत्र में 11 हाथियों की मौजूदगी की जानकारी रही। लगातार हांथी दल पर निगरानी रखी जा रही थी बीते गुरुवार की रात बिशुनपुर के बाँधपारा के पास 11 हांथी दल के रेलवे ट्रैक क्रास करने के दौरान मालवाहक गाड़ी आ जाने से सभी हांथी रेलवे ट्रैक पार नहीं कर पाए। इसी दरम्यान विचलित एक दंतेल हाथी ने रेलवे ट्रैक के नजदीक ही बने एक घर को निशाना बनाया जिसे पूरी तरह नुकसान कर दिया घर में मौजूद पंडो जनजाति के बुजुर्ग फुलसाय को घर से लगभग 25 मीटर दूर कुचलकर मार डाला। जानकारी मिलते ही वन विभाग मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा ले रहे । सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तुरंत मौके पर पहुंचा और पंचनामा प्रक्रिया प्रारंभ की।

बलरामपुर में धान खरीदी केंद्र पर अवैध वसूली

किसानों ने लगाए गंभीर आरोप, कार्रवाई की मांग की, तहसीलदार ने जांच का आश्वासन दिया

बलरामपुर। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वाड्रफनगर विकासखंड स्थित बलंगी धान समिति केंद्र में अवैध वसूली का मामला सामने आया है। किसानों ने केंद्र में अनियमितताओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का आरोप है कि धान खरीदी प्रभारी द्वारा प्रति बोरी तय मानक वजन 40.500 किलोग्राम के बजाय 41 से 41.200 किलोग्राम तक धान भरवाया जा रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि प्रत्येक बोरी पर लगभग 1 किलोग्राम धान की अतिरिक्त "अवैध वसूली" की जा रही है। किसानों का कहना है कि उन्हें दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ अतिरिक्त वजन लिया जा रहा है, और दूसरी तरफटोकन से अधिक बोरी लेने के बावजूद रिकॉर्ड में कम मात्रा दर्ज की जा रही है। किसानों का आरोप बलंगी धान समिति में तैनात खरीदी प्रभारी की कार्यशैली के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। समिति में मनमानी, अतिरिक्त वसूली और अनुचित दबाव जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और जिला प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जांच नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने पर विवश होंगे।

धान की अतिरिक्त वसूली का आरो

ग्रामीण किसानों ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि उन्हें 175 बोरी का टोकन जारी किया गया था, लेकिन केंद्र प्रबंधन ने उनसे 178 बोरी धान भरवा लिया। इसके बावजूद, जमीन ऋण पुस्तिका में केवल 174 बोरी ही दर्ज की गई। इस प्रकार, किसानों से कुल 4 बोरी धान की अतिरिक्त वसूली का आरोप है।

कांकेर में शिव महापुराण कथा का आयोजन

■ **प्रदीप मिश्रा ने बताए जीवन की समस्याओं के समाधान, कथा जीवन की चाबी**

कांकेर। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन गुरुवार को जीवन की समस्याओं के समाधान पर प्रकाश डाला गया। पंडित मिश्रा ने कहा कि शिव महापुराण कथा जीवन की वह चाबी है, जिससे सभी समस्याएं दूर हो सकती है। कथा के आयोजनकर्ता जितेंद्र जायसवाल की सराहना करते हुए पंडित मिश्रा ने कहा कि जस प्रकार भागीरथी अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए मां गंगा को धरती पर लाए थे, उसी तरह जायसवाल ने क्षेत्र के भक्तों के कल्याण के लिए इस कथा का आयोजन कर 'भागीरथी प्रयास' किया है। यह हम सबका सौभाग्य है कि बाबा की कृपा से हमें शिव महापुराण कथा सुनने का अवसर मिला है। उन्होंने भगवान शंकर को संपूर्ण जगत का पालनहार बताया और कहा कि उनके मात्र नमन से ही जगत का कल्याण हो जाता है।

मानव जीवन का महत्व और भक्ति की आवश्यकता

कथावाचक ने मानव जीवन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मानव शरीर प्राप्त होना सौभाग्य की बात है। इस जीवन को भगवान भोले बाबा के प्रति मन लगाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि दवा और दुआ दोनों जरूरी हैं।

नमन, आशीर्वाद और भरोसे से दूर होती हैं समस्याएं

प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान को नमन और बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलने पर हर समस्या का समाधान हो जाता है। उन्होंने भक्तों से अपने भरोसे की चाबी भगवान शंकर को सौंपने का आग्रह किया।

पूर्व जन्म के कर्म, विश्वास और सच्ची भक्ति का प्रभाव

उन्होंने बताया कि पूर्व जन्म के अच्छे कर्मों और बाबा के आशीर्वाद से ही मानव जीवन मिलता है। मन में संशय होने पर कोई भी काम कभी नहीं बनता, जबकि विश्वास और भरोसे से कार्य अवश्य पूरा होता है। सच्चा भक्त ही भगवान को पहचान लेता है।

मुंगेली में काव्य महोत्सव की धूम, व्यापार मेले में सजेगी महफिल

देशभर के प्रसिद्ध कवि होंगे मंच पर उपस्थित

मुंगेली। मुंगेली व्यापार मेला के चौथे दिन आज रात 9 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है. कवि सम्मेलन में देशभर के प्रसिद्ध कवि अपनी-अपनी विधाओं में रचनाओं का पाठ करेंगे।

कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि जानी बैरागी-धार के साथ हास्य कवि और लाफ्टर चेतन चर्चित, मुंबई, श्रृंगार की कवयित्री विभा सिंह-बनारस, गीतकार भरत द्विवेदी-रायपुर, सब रस कवि अभिषेक पाण्डेय-कबीरधाम, युवा कवि अक्षत शर्मा-लोरमी और मुंगेली से कवि देवेन्द्र परिहार श्रोताओं को अपनी कविताओं से आनंदित करेंगे. कवि सम्मेलन में आसपास के कविता प्रेमियों के आने की संभावना है। व्यापार मेला को सफल बनाने में संस्था के संयोजक रामपाल सिंह, सहसंयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, दिनेश गोयल, सतपाल मक्कड़, गोखलेश सिंह, विकास जैन, देवेंद्र परिहार, दीपक जैन, रणवीर सिंह, श्रेणिक पारेख, नीलेश केशरवानी, आशीष सोनी, अनुराग सिंह, सूरज मंगलानी, गिरीश सुथार, सुनील वाधवानी, अनीश जैन, देवशंकर श्रीवास्तव, गौरव जैन, कोमल चौबे, नागेश साहू जुटे हुए हैं।

रायपुर एनआईटी चौपाटी विवाद

कांग्रेसियों द्वारा थाने का घेराव,मूणत के पोस्टर पर कालिख

रायपुर। रायपुर में विधायक मूणत के पोस्टर पर कालिख पोतने का मामला बढ़ता जा रहा है। एनआईटी चौपाटी की शिफ्टिंग के विरोध में युवा कांग्रेसियों ने विधायक राजेश मूणत के पोस्टर में कालिख लगा दी थी जिसके बाद पुलिस ने जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज किया था। अब फिर इसका विरोध करते हुए यूथ कांग्रेस और एनआईटी ने थाने का घेराव कर दिया। 28 नवंबर को सरस्वती नगर थाने का घेराव करने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने चौपाटी विवाद की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति बनाने और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की। वहीं, 7 दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर लोकतांत्रिक तरीके से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की चेतावनी दी। रायपुर के एनआईटी चौपाटी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। दुकानें भले ही आमानाका में शिफ्ट कर दी गई हैं, लेकिन विपक्ष इसे लेकर लगातार सरकार पर हमलावर है। कुछ दिन पहले कांग्रेस नेताओं ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान 7 दिनों के भीतर जांच कमेटी गठित करने की मांग की गई। कांग्रेस का आरोप है कि अधिकारियों ने पहले इस चौपाटी को अनुमति दी और अब वही अधिकारी इसे अवैध बताकर तोड़ रहे हैं।

विपक्ष लगातार कर रहा है चौपाटी हटाए जाने का विरोध

दरअसल मामला 26 नवंबर का है, जब बीजेपी ने नालंदा परिसर की घोषणा का होर्डिंग लगाया था। जिसमें मूणत की भी फोटो लगाई गई थी। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एनआईटी चौपाटी हटाए जाने का विरोध करते हुए मूणत की फोटो पर कालिख पोती थी।

60 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया, 27 हजार 899 उपभोक्ताओं से वसूलनी है राशि

रायगढ़/नवप्रदेश। विद्युत विभाग के आम उपभोक्तओं के पास लंबा-चौड़ा बकाया हो जाने के कारण इन दिनों अभियान चलाकर वसूली की जा रही है। ऐसे में देखा जाए तो 27 हजार 899 उपभोक्ताओं पर विभाग का 60 करोड़ 57 लाख रुपए बकाया है। अब इस बकाया राशि को वसूलने के लिए बिजली विभाग इन दिनों अभियान चलाकर कहीं कनेक्शन काट रहा है तो कहीं एफआईआर दर्ज कर वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

जब से विद्युत विभाग में हाफ बिजली बिल योजना बंद हुआ है, तब से बकायादारों की संया में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसको लेकर इन दिनों बिजली विभाग अलग-अलग टीम बनाकर लगातार वसूली अभियान शुरू की है, ताकि कम से कम बकाया रह सके, लेकिन इसके बाद भी बकाएदारों की लिस्ट कम नहीं हो रही है। ऐसे में बकायादारों की सूची इतनी लंबी हो गई है, हर दिन जिले के अलग-अलग जगहों में हर दिन 10 से 12 टीम बकाएदारों के घर पहुंच रही है, लेकिन इसके बाद भी कुछ खास वसूली होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में विभाग के आंकड़ों के अनुसार 27 हजार 899 बड़े बकाएदार हैं जिनसे विभाग को 60 करोड़ 57 लाख रुपए की वसूली करनी है। जिसको लेकर विभाग ने अभियान छेड़ दिया है।

हालांकि इन दिनों बड़े बकायादारों पर ज्यादा दबाव डाला जा रहा है ताकि मोटा राशी जमा हो सके। ऐसे में विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में 93 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो एक लाख से ऊपर के बकायादार है, इनसे एक करोड 33 लाख रुपए की वसली करनी है। वहीं 1453 उपभोक्ता ऐसे हैं जो 50 हजार से एक लाख तक के बकायादार है, जिनसें 9 करोड 31 लाख रुपए की वसूली करनी है। वहीं 8 हजार 353 उपभोक्ता ऐसे हैं हो 20 हजार से 50 रुपए तक बकाया है, जिनसे 24करोड़ 54 लाख की रकम वसूलना है। वहीं 18 हजार उपभोक्ताओं ऐसे हैं जो 2 से 20 हजार रुपए तक के बकायादार है, जिनसे करीब 25 करोड की वसूली करनी है। ऐसे में कुल 27,899 उपभोक्ताओं से 60 करोड 57 लाख रुपए की वूसली करना है, जिसके लिए लगातार टीम घर-घर पहुंच कर लोगों को बिल जमा करने के लिए प्रेरित कर रही है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि अगर बकाया बिल समय से जमा नहीं होता है तो उसका ब्याज भी देना पड़ेगा, इससे भार और बढ़ेगा।

बड़े बकाएदारों के काट रहे कनेक्शन

इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि अब विभाग द्वारा तैयार की गई टीम को सत निर्देश दिया गया है कि जो बकायादारा समय से राशि जाम नहीं कर रहा है, उसका कनेक्शन काट दिया जाए, जिसको लेकर हर दिन दर्जनभर से अधिक कनेक्शन काटे जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ताओं को यह भी समझाईश दी जा रही है कि कनेक्शन काटने व जोड़ने का भी शूल्क उन्हीं को ही देना होगा, इससे समय से बिल जमा करने से अतिरिक्त खर्च से बच सकते हैं।

बलरामपुर एनएच-343 निर्माण में लापरवाही का आरोप

बलरामपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के तहत रामानुजगंज से बलरामपुर तक 29 किलोमीटर टू-लेन सड़क का निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रामानुजगंज में प्रवेश करते ही धूल का घना गुब्बार उड़ता है, हर कोई परेशान हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह-शाम यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जब धूल के बादल पूरे रास्ते को ढक लेते हैं। टू-व्हीलर चालक, टेंपो चालक, पैदल यात्री और सड़क किनारे रहने वाले लोग खांसी, एलर्जी और सांस लेने में परेशानी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं।उनका आरोप है कि ठेकेदार निर्माण स्थल पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं करवा रहा है। इसके कारण सड़क का अधिकांश हिस्सा धूल से पट गया है और रात के समय दृश्यता बेहद कम हो जाती है। मामले में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संबंधित अधिकारियों को तलब किया।

नव निर्वाचित पदाधिकारी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता का उच्च स्तर पर करें पालन : राज्यपाल पटेल

राज्यपाल ने रेडक्रास सोसाइटी की प्रदेश शाखा की नव गठित प्रबंध समिति एवं पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

भोपाल/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रेडक्रॉस कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी से कहा कि संगठन के प्रशासनिक कार्यों में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्च मानदंडो का पालन करें। दीन- दुखी, वंचित और पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। इस पावन पथ पर चलने का जो सुअवसर मिला है, उसे अपने ज्ञान, कौशल और प्रयासों से रेडक्रॉस संगठन का गौरव बढ़ाए। मानव सेवा की पावन परम्परा में प्रदेश की रेडक्रॉस इकाई के कार्यों के नए आदर्श स्थापित करें। समाज के सबसे ज़रूरतमंद लोगों के जीवन में आशा, राहत और सुरक्षा का संबल बने। रेडक्रास के कार्यों को नई गति, नई दिशा और नए विस्तार के साथ आगे बढ़ाए।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नव नियुक्त सदस्य समाज के कमज़ोर वर्गों के लिए सुरक्षा, राहत और सशक्तिकरण की दिशा का आधार सेवाभाव है। मानवीय मूल्य और नैतिक आदर्श के पालन पर ज़ोर रहना चाहिए। उपचार संबंधी आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों की उपलब्धता के विशेष प्रयास करें। पीड़ित मानवता के उपचार कार्यों में निजी और सार्वजनिक संस्थानों की सहभागिता कराएं। उन्होंने कहा कि रेडक्रास के संकल्प की सफलता के लिए युवाओं को जोड़े। उन्हें मानवता की सेवा के विभिन्न प्रकल्पों में सक्रिय और संवेदनशील सहभागिता के लिए प्रेरित करें।

राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की मध्यप्रदेश राज्य शाखा की नवगठित प्रबंध समिति एवं पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नव नियुक्त चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, उप सभापति श्री मनीष रावल और मानसेवी कोषाध्यक्ष श्री दीपेश मेहता को शपथ दिलायी। सभी को पुष्प-गुच्छ भेंटकर आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी। राज्यपाल श्री पटेल ने रेडक्रॉस के जिला प्रतिनिधियों को संभागवार शपथ दिलायी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नव निर्वाचित तीनों पदाधिकारियों को सर्टिफ़िकेट प्रदान किया। राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित समारोह में आयुक्त लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण डॉ. तरुण राठी भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल का कार्यक्रम के प्रारंभ में रेडक्रॉस के जनरल सेक्रटरी श्री रामेंद्र सिंह ने तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन डॉ. गगन कोल्हे ने शॉल भेंट किया। आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. राठी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। जनरल सेक्रेटरी श्री रामेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, रेडक्रास की प्रदेश शाखा के पदाधिकारी और जिलों के रेडक्रास समिति के सदस्य मौजूद थे।

आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ वल्लभ भवन में प्रदर्शन

पूर्व प्रांताध्यक्ष कंसोटिया पर 65 लाख रुपए अवैध निकालने का आरोप, सीएम से शिकायत

भोपाल/नवप्रदेश। ब्राह्मणों की बेटियों के खिलाफ बयान देने के मामले में अजाक्स के नव निर्वाचित अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ वल्लभ भवन (मंत्रालय) कैंपस के सामने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन हुआ।

संतोष वर्मा मुर्दाबाद और भगवान परशुराम की जय-जयकार करते हुए यहां पहुंचे कांग्रेस-बीजेपी समेत सभी दलों और संगठनों के लोगों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इन सभी के द्वारा राज्य सरकार से मांग की गई है कि वर्मा का आईएएस अवॉर्ड वापस लिया जाए और एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाए।

प्रदर्शन के दौरान ब्राह्मण समाज ने भरी हुंकार

तख्तियां लेकर पहुंचे लोगों ने जय श्री राम के भी नारे लगाए। पुलिस बल की मौजूदगी में हुए प्रदर्शन में मंत्रालय कर्मचारी अधिकारी संघ के सुधीर नायक के अलावा पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, बीजेपी नेता गिरीश शर्मा, पुष्पेंद्र मिश्रा, मयूर उपाध्याय समेत समाज के अन्य लोगों की मौजूदगी रही। इसके साथ ही संघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया पर संघ के खातों से कथित रूप से 65 लाख रुपए निकालने को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। वर्मा के बयान को लेकर प्रदेशभर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। गुरुवार को भी ब्राह्मण संगठनों ने रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन किया गया था। आज मंत्रालय में प्रदर्शन होगा। उधर, संघ के दूसरे धड़े के अध्यक्ष मुकेश मौर्य और उनके पदाधिकारियों ने 13 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर संघ के खातों से 65 लाख रुपए निकाले जाने के मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

कंसोटिया पर राशि के दुरुपयोग का आरोप

संघ के दूसरे धड़े के प्रांतीय महासचिव मुरारी लाल लिथोरिया के हस्ताक्षरित ज्ञापन के अनुसार पूर्व प्रांताध्यक्ष जेएन कंसोटिया, तत्कालीन प्रांतीय महासचिव एसएल सूर्यवंशी पर विभागीय पद एवं प्रभाव का दुरुपयोग करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि संगठन के SBI टीटी नगर और BOI अरेरा कॉलोनी में संचालित खातों से 65 लाख रुपए अवैध रूप से निकाले गए है। संगठन के धन का दुरुपयोग और अमानत में खयानत की गई।

नई कार्यकारिणी मौर्य को बता रही जिम्मेदार

अजाक्स की नई कार्यकारिणी का दावा है कि दोनों बैंक खातों पर नियंत्रण मुकेश मौर्य के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी को मिलने के बाद भी राशि निकाली गई।

दो फाड़ हुआ अजाक्स, कोर्ट से लेकर रजिस्ट्रार तक मामला पहुंचा

अजाक्स में नेतृत्व को लेकर विवाद लंबे समय से चल रहा है। ग्वालियर में आमसभा के दौरान 29 जुलाई 2023 को मुकेश मौर्य को सर्वसम्मति से प्रांताध्यक्ष चुना गया था। इस चुनाव को तत्कालीन अध्यक्ष कंसोटिया ने हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिसके बाद रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद मुकेश मौर्य की कार्यकारिणी को वैधता दी गई। फिर भी विवाद शांत नहीं हुआ। शिकायत के अनुसार सेवानिवृत्त अधिकारी गौतम पाटिल ने कंसोटिया को अनधिकृत रूप से पुनः महासचिव नियुक्त कर दिया और

मध्यप्रदेश पुलिस की नारकोटिक्स विंग की बड़ी कार्रवाई

2 किलो 700 ग्राम ठोस एवं 16 किलो लिक्विड अवस्था में एमडी, करीब 70 किलो से अधिक एमडी बनाने के केमीकल तथा अन्य सामग्री सहित आरोपी गिरफ्तार

भोपाल/नवप्रदेश। अवैध मादक पदार्थो के कारोबार में लिप्त तस्करों द्वारा अपनाए जा रहे नये-नये हथकंडे मध्यप्रदेश पुलिस की नारकोटिक्स विंग की सजगता की वजह से नाकाम साबित हो रहे है। नारकोटिक्स प्रकोष्ठ नीमच ने आज 28 नवंबर को ग्राम लसूड़िया, हस्तमुरार थाना रामपुरा, जिला नीमच में खेत पर बने मकान पर दबिश देकर एमडी बनाने के कारखाने का भंडा फोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी 2 किलो 700 ग्राम ठोस एवं 16 किलो लिक्विड अवस्था में तथा करीब 70 किलो से अधिक एमडी बनाने के केमीकल तथा अन्य सामग्री भी जप्त की है। जप्त मादक पदार्थ एमडी तथा एमडी बनाने की सामग्री की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 30 करोड़ से अधिक है। ज्ञात हो अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ाई से अंकुश लगाने के मकसद से पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस की नारकोटिक्स विंग द्वारा प्रदेशव्यापी विशेष मुहिम ÷नशे पर प्रहार÷ चलाया जा रहा है। इसी मुहिम के तहत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स श्री के.पी. वेंकटेश्वर राव के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस महानिरीक्षक नारकोटिक्स श्री महेश चंद जैन के नेतृत्व में नारकोटिक्स विंग को यह सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री के.पी. वेंकटेश्वर राव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर नारकोटिक्स विंग ने कार्यवाही करते हुए, ग्राम लसूड़िया, हस्तमुरार थाना रामपुरा, जिला नीमच में खेत पर बने मकान पर दबिश देकर तीन आरोपी निरंजन दायमा, निवासी खेड़ी, थाना मनासा , अर्जुन गरासिया तथा रमेश गरासिया, निवासी लसूड़िया, थाना रामपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी 2 किलो 700 ग्राम ठोस एवं 16 किलो लिक्विड अवस्था में तथा करीब 70 किलो से अधिक एमडी बनाने के केमीकल तथा अन्य सामग्री तीन मोटर साइकिल, तीन मोबाइल फोन भी जप्त किए। एमडी, केमीकल, अन्य सामग्री सहिम सहित पुलिस ने लगभग 30 करोड़ रूपये की सामग्री जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में नारकोटिक्स विंग के निरीक्षक श्री राकेश चौधरी, निरीक्षक श्री भारत सिंह चावड़ा, निरीक्षक श्री हरीश सोलंकी, निरीक्षक श्री तेजेन्द्र सिंह सेंगर तथा निरीक्षक श्री मलय महंत एवं नारकोटिक्स इंदौर व नीमच टीम का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही कार्रवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक, नीमच श्री अंकित जायसवाल एवं जिला पुलिस बल नीमच का भी सराहनीय योगदान रहा।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद के कार्यों की समीक्षा

भारत सरकार के दल की मध्यप्रदेश के अधिकारियों से हुई चर्चा

भोपाल/नवप्रदेश। सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद एमएसईएफसी के कार्यों की एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार की निदेशक श्रीमती अंकिता पांडे एवं विधि विशेषज्ञ सुश्री ईशा अग्रवाल ने गत दिवस समीक्षा की। आयुक्त, एमएसएमई श्री दिलीप कुमार तथा परिषद के अशासकीय सदस्यों श्री राजेश मिश्रा अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, श्री महेश गुप्ता भूतपूर्व अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती एवं शासकीय सदस्य सिडबी बैठक में मौजूद थे। बैठक के दौरान एमएसएमई ओडीआर पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के त्वरित निपटारे तथा लंबित मामलों को ओडीआर प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई ताकि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को समयबद्ध तथा पारदर्शी न्यायिक सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मध्यप्रदेश एमएसईएफसी के सचिव श्री राजेश अग्रवाल, सहायक संचालक श्री शशिभूषण दुबे एवं सहायक प्रबंधक श्रीमती अनुश्री सक्सेना द्वारा ओडीआर पोर्टल में मध्यप्रदेश की प्रभावी सहभागिता के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी उन्होंने बताया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश एमएसईएफसी द्वारा व्हाट्सऐप एवं ई-मेल के माध्यम से नोटिस जारी किए जा रहे हैं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पक्षकारों को घर बैठे सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा रहा है तथा परिषद द्वारा कोई कोर्ट फीस नहीं ली जाती। साथ ही आरआरसी के माध्यम से वसूली की प्रक्रिया से एमएसई इकाइयों को त्वरित राहत मिल रही है। प्रतिनिधिमंडल द्वारा मध्यप्रदेश एमएसईएफसी की सुनवाई बैठक का अवलोकन भी किया गया तथा ओडीआर पोर्टल पर राज्य की सक्रिय सहभागिता एवं प्रभावी कार्य प्रणाली की सराहना की गई। इस अवसर पर श्रीमती पांडे ने ओडीआर प्लेटफॉर्म को एमएसएमई विवाद निवारण के लिए एक सशक्त और उपयोगी डिजिटल पहल बताया। आयुक्त श्री दिलीप कुमार ने कहा कि मध्यप्रदेश एमएसईएफसी, एमएसएमई मंत्रालय के साथ निरंतर समन्वय बनाते हुए कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश इस डिजिटल पहल में अग्रणी राज्यों में शामिल है

अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें : मंत्री चौहान

अनुसूचित जाती कल्याण विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि विभाग अंतर्गत अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। अनुसूचित जाति बहुल ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाए। स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित किए जाएँ। यह बात मंत्री श्री चौहान ने शुक्रवार को मंत्रालय में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। प्रमुख सचिव श्री ई. रमेश कुमार, आयुक्त श्री सौरभ के सुमन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री चौहान ने भवन विहीन छात्रावासों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने को कहा जिससे छात्र- छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों में निर्मित इंडोर स्टेडियमों में छात्रों के लिए खेल गतिविधियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और ज्ञानोदय विद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए।साथ ही बस्ती विकास योजनान्तर्गत राशि के व्यय के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं बस्ती विकास कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए जिला कलेक्टरों को पत्र जारी करने के निर्देश दिए।पीएम आदि आदर्श योजना की समीक्षा जिला स्तर पर की भी की जाए।

मंत्री श्री चौहान ने भारत सरकार से केंद्र प्रवर्तित योजनाओं में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की अद्यतन जानकारी प्राप्त कर लंबित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। इस दौरान अनुसूचित जाति छात्रावास, बाबू जगजीवन राव छात्रावास योजना, संत रविदास योजना,छात्रवृत्ति वितरण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आईपीएस डी श्रीनिवास वर्मा प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे: लवानिया की दिल्ली में पोस्टिंग के बाद गढ़पाले को पावर मैनेजमेंट कम्पनी का एमडी बनाया

भोपाल/नवप्रदेश। एमपी कैडर के दिल्ली में पदस्थ आईपीएस अधिकारी और सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल एकेडमी के जाइंट सेक्रेट्री की प्रतिनियुक्ति खत्म हो गई है। वे जल्दी ही एमपी में वापसी करेंगे। उधर एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी अविनाश लवानिया की केंद्र में प्रतिनियुक्ति के बाद राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग के सचिव विशेष गढ़पाले को एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी का एमडी बनाया है। लवानिया को जल्दी ही रिलीव किया जाएगा। वर्ष 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी डी श्रीनिवास वर्मा सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल एकेडमी में जॉइंट सेक्रेट्री के तौर पर काम कर रहे थे। जिन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 26 नवम्बर को जारी निर्देश में एमपी कैडर में वापस भेजने का फैसला किया है।

मध्यप्रदेश पुलिस की वाहन चोरो पर लगातार प्रभावी कार्रवाई

विगत एक सप्ताह में चोरी की 44 मोटरसाइकिलें बरामद

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पुलिस ने विभिन्न जिलों में सतत निगरानी और प्रभावी अन्वेषण के माध्यम से विगत एक सप्ताह में वाहन चोर गिरोहों का पर्दाफाश करते हुए चोरी की कुल 44 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। साथ ही पुलिस ने शातिर चोरों को भी गिरफ्तार किया है। यह अभियान प्रदेशभर में वाहन चोरी पर सख्त नियंत्रण और अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की दिशा में पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रमुख कार्रवाई

छिंदवाड़ा — अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

जिले की कुण्डीपुरा पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए चार आरोपी संतोष खरपूसे, प्रमोद पुरी गोस्वामी, गगन नेवारे और सुधांशु भूषण को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने छिंदवाड़ा व बालाघाट जिलों से 20 मोटरसाइकिलें (4 बुलेट) चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक खंडहरनुमा कमरे से लगभग 17 लाख रूपए मूल्य की मोटरसाइकिलें बरामद की है।

गुना —चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद

जिले में चलाए जा रहे सघन वाहन चैकिंग अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस ने भुल्लनपुरा रोड पर लाखन कुशवाह और सोनू राठौर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अलग-अलग स्थानों से 11 मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। जिनकी कीमत लगभग 5 लाख 50 हजार रूपए है।

इसी प्रकार उज्जैन के नीलगंगा पुलिस ने चोरी हुई 1 बुलेट, सागर के थाना खुरई पुलिस ने 4 मोटरसाइकिलें, कटनी में कोतवाली पुलिस 6 मोटरसाइकिल और एनकेजे पुलिस ने 1 मोटरसाइकिल तथा शाजापुर में शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने 1 मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकार पुलिस ने कुल 13 मोटरसाइकिलें बरामद की है।

इन कार्रवाईयों ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि मध्यप्रदेश पुलिस नागरिकों की संपत्ति सुरक्षा, अपराध पर नियंत्रण और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्यरत है। तकनीकी संसाधनों, निगरानी तंत्र और तत्पर फील्ड टीमों के समन्वय से पुलिस ने वाहन चोरी जैसे अपराधों पर निर्णायक अंकुश लगाया है। यह सतत और संगठित कार्रवाई न केवल अपराधियों के मनोबल को तोड़ रही है, बल्कि आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को भी सुदृढ़ कर रही है।

सुविचार

उपलब्धि और आलोचना एक दूसरे की पूरक हैं। यदि आप उपलब्धि हासिल करेंगे तो आलोचना भी होगी। - अज्ञात

राबड़ी निवास खाली करने का आदेश

बिहार में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनने के बाद अब नीतीश कुमार सरकार ने तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। बिहार सरकार के नये मंत्रियों और पहली बार चुनकर आये विधायकों को सरकारी आवास उपलब्ध कराने के लिए ऐसे नेताओं को उनके बंगलों से बेदखल करने की कवायद शुरू हो गई है जो उस पर वर्षों से कुंडली मारकर बैठे थे। इस कड़ी में दस सर्कुलर रोड़ स्थित राबड़ी देवी को भी उनका अवास खाली करने के लिए नोटिस थमा दिया गया है। जिस पर राबड़ी देवी और उनका पूरा परिवार बीस सालों से रह रहा था। बिहार के मुख्यमंत्री निवास के ठीक सामने स्थित यह निवास राबड़ी देवी को बीस साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री की हैसियत से तात्कालीन नीतीश कुमार की सरकर ने आबंटित किया था। उस समय नीतीश कुमार ने बिहार के सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को निःशुल्क आवास और सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य सुविधाएं सुलभ कराने का निर्णय लिया था इसी के तहत राबड़ी देवी को दस सर्कुलर रोड़ का सर्वसुविधायुक्त विशाल बंगला आबंटित किया गया था। किन्तु पटना हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्रियों को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने का निर्णय रद्द कर दिया गया था। इसके बावजूद राबड़ी देवी से वह आवास खाली नहीं कराया गया था किन्तु अब एनडीए की सरकार बनने के बाद हाईकोर्ट के फैसले को लागू करते हुए बिहार के लोकनिर्माण और बावास विभाग ने राबड़ी देवी को आवास खाली करने का नोटिस दे दिया है। राबड़ी देवी इस समय विधान परिषद की नेता प्रतिपक्ष है इस नाते उन्हें एक अन्य आवास आबंटित किया गया है किन्तु राष्ट्रीय जनता दल के नेता सरकार के इस फैसले का विराध कर रहे हैं। उनका कहना है कि राजनीतिक बदले की कार्यवाही की जा रही है और लालू राबड़ी परिवार को परेशान किया जा रहा है। जबकि नीतीश कुमार की सरकार इसके पीछे नियम प्रक्रिया का हवाला दे रही है। उल्लेखनीय है कि ढाई साल पूर्व जब नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल से नाता तोड़ा था और भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी तब तात्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री निवास खाली करने का नोटिस दिया गया था लेकिन तेजस्वी यादव सरकार के इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट चले गये थे और नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उपमुख्यमंत्री निवास को ही आबंटिन करने की याचिका लगाई थी जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। और उसी समय हाईकोर्ट के संज्ञान में यह बात आई थी कि बिहार में कई पूर्व मुख्यमंत्रियों निःशुल्क कई आलीसान बंगले आबंटित किये गये हैं जिसे अवैधानिक करार देते हुए हाईकोर्ट ने सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों के आवास खाली करने का निर्देश दिया था कुल मिलाकर तेजस्वी यादव की पूरानी याचिका के कारण ही आज राबड़ी देवी के लिए आबंटित आवास को खाली करने की नौबत आई है। इसके अलावा लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को भी आवास खाली करने का नोटिस दे दिया गया है क्योंकि इस बार वे चुनाव हार गये हैं। तेजस्वी यादव अभी भी नेता प्रतिपक्ष के रूप में आबंटित बंगले में रह रहे हैं लेकिन उनपर भी खतरा मंडरा रहा है। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल को सिर्फ 25 सीटें ही मिली है और नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए भी राजद को 25 सीटों की ही आवश्यकता है। यदि इन 25 विधायकों में से एक विधायक ने भी पाल बदल दिया तो तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष नहीं बन पाएंगे और ऐसी स्थिति में उन्हें जो बड़ा बंगला नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मिला हुआ है। उसे छोड़ना पड़ेगा। राबड़ी देवी भी विधान परिषद की नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मिले अपने नये बंगले में अधिकतम दो साल ही रह पाएंगी। दो साल के भीतर राष्ट्रीय जनता दल के दो विधान परिषद सदस्य सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं और अब बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल की स्थिति ऐसी नहीं है कि वह राजद के ही विधान परिषद सदस्यों का चयन करा सके। ऐसी स्थिति में दो साल के बाद राबड़ी देवी भी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नहीं रह पाएंगी और उन्हें भी इस हैसियत से मिलने वाले नये आवास को खाली करना पड़ेगा। यही वजह है कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता दस सर्कुलर रोड के आवास को खाली न करने की जिद पर अड़े हुए हैं। लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें आवास खाली तो करना ही पड़ेगा इसलिए बेहतर है कि बेआबरू होकर कूचे से निकलने की जगह वे खुद यह आवास खाली कर दें।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ संत रामभद्राचार्य जिन्होंने सूरदास होते हुए भी श्रीरामचरित मानस की टीका लिखी। सौ से ज्यादा ग्रंथों की रचना की। उन्हें सांसद पप्पू यादव ने अंधा, बहरा और गूंगा कहते हुए उनको यमुना के गंदे पानी में फेकने की बात कर यह साबित कर दिया है कि वे अक्ल से अंधे है। सनातन का अपमान कर उन्होंने बिहार में महागठबंधन का बंठाधार किया था अब जिस तरह एक सड़ी हुई मछली पूरे तालाब को गंदा करती है, उसी तरह ये बुड़बक अपनी इसी तरह की विवादास्पद बयानबाजी से कांग्रेस की भी नैया को मंझधार में डूबोकर दम लेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1830 पोलैंड में रूस के शासन के खिलाफ नवंबर विद्रोह शुरु हुआ। 1854 ऑस्ट्रेलिया में यूरेकास्टॉकडे विद्रोह के दौरान पहली बार यूरेका झंडा फहराया गया था। 1870 ब्रिटेन में आवश्यक शिक्षा लागू हुआ। 1877 अविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने पहली बार अपने फोनोग्राफ का प्रदर्शन किया। 1899 एफसी बार्सिलोना फुटबॉल क्लब एसोसिएशन की स्थापना की गयी। 1949 पूर्वी जर्मनी में यूरेनियम खदान में विस्फोट से 3700 लोग मरे। 1972 अटारी ने पोंग को जारी किया, जो आर्केड और होम कंसोल बाजारों में लोकप्रियता हासिल करने वाले पहले वीडियो गेम में से एक है। 1973 जापान के कुमामोटो शहर के क्यूशू में एक ताइयो डिपार्टमेंट स्टोर में आग लगने से 104 लोग मारे गए। 2011 वोरोनिश-डीएम रडार से लैस एक नई रूसी एंटी-मिसाइल पूर्व-चेतावनी सुविधा कलिनिनग्राद ओब्लास्ट में खुलती है।

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

यही वजह है कुछ साल पहले तक भारत का रक्षा निर्यात जो 1,000 करोड़ रुपये भी नहीं छू पाता था, अब 25,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू चुका है और 2029 तक इसे 50,000 करोड़ रुपये से भी ऊपर ले जाने का टारगेट है। सरकार यहीं रुकने वाली नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत भविष्य के लिए बड़े लक्ष्य तय किए गए हैं। सरकार ने साल 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये का सालाना रक्षा उत्पादन और 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। ये आंकड़े साबित करते हैं कि भारत ने अपनी पुरानी छवि को पीछे छोड़ दिया है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में बन रहे 'डिफेंस कॉरिडोर' और तेजस जैसे स्वदेशी फाइटर जेट्स की सफलता यह बताती है कि भारत अब न केवल अपनी सुरक्षा करने में सक्षम है, बल्कि दुनिया को सुरक्षा उपकरण देने के लिए भी तैयार है। यह भारत की 'रणनीतिक और आर्थिक' दोनों मोर्चों पर एक बड़ी जीत है।

रक्षा निर्यात में बढ़ती भारत की धमक

भारत का रक्षा निर्यात पिछले दशक में 30 गुना से अधिक बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जिससे वह हथियारों का एक प्रमुख निर्यातक बन गया है। अब भारत 100 से अधिक देशों को मिसाइलें, विमान, बख्तरबंद वाहन और गोला-बारूद जैसे विभिन्न रक्षा उपकरण और प्लेटफॉर्म निर्यात कर रहा है। यह वृद्धि 'आत्मनिर्भर भारत' पहल और वैश्विक मांग में वृद्धि से प्रेरित है, हालांकि हाल ही में तेजस लड़ाकू विमान के एक दुर्घटना के बाद निर्यात पर कुछ चिंताएं भी हैं।

कभी दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीदारों की सूची में शीर्ष क्रम पर रहने वाला भारत, आज पूरी दुनिया के लिए एक भरोसेमंद 'सप्लायर' बनकर उभरा है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना अब हकीकत बन चुका है। वित्त वर्ष 2024-25 न सिर्फ रिकॉर्ड उत्पादन बल्कि बंपर एक्सपोर्ट के लिहाज से भी ऐतिहासिक साबित हुआ है।

एक समय था जब 2014 में भारत का रक्षा निर्यात 1,000 करोड़ रुपये से भी कम था। आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 23,622 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण दूसरे देशों को बेचे हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 12 से भी ज्यादा की बढ़ोतरी है। भारत अब अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया जैसे 100 से ज्यादा देशों को हथियार और रक्षा उपकरण सप्लाई कर रहा है। हम अब सिर्फ छोटे पुर्जे नहीं बेच रहे, बल्कि बुलेटप्रूफ जैकेट, डोर्नियर विमान, ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम और आर्टिलरी गन्स जैसे बड़े प्लेटफॉर्म निर्यात कर रहे हैं।

सबसे बड़ी खबर यह है कि भारत का कुल रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में 1.54 लाख करोड़ रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। अगर हम सिर्फ स्वदेशी उत्पादन की बात करें, तो यह आंकड़ा 1.27 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। साल 2014-15 में हमारा घरेलू उत्पादन महज 46,429 करोड़ रुपये था। पिछले 10 सालों में इसमें 174 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि बताती है कि हमारी सेना अब अपनी जरूरतों के लिए विदेशी कंपनियों पर नहीं, बल्कि अपने देश में बनी टंकियों, मिसाइलों और गन्स पर भरोसा कर रही है।

भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने वाले इच्छुक संभावित देशों की लिस्ट काफी लंबी हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार भारत जल्द ही इसको लेकर करीब 41 अरब रुपये का सौदा करने वाला है। तय है कि रक्षा निर्यात के क्षेत्र में इस सौदे के साथ ही भारत की धमक बहुत ज्यादा बढ़ने वाली है। इसके शुरुआती संभावित खरीदारों में ज्यादातर मित्र राष्ट्र बताए जा रहे हैं, जिनमें से कुछ के साथ बातचीत काफी आगे होने की जानकारी है।

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को भारत के सरकारी क्षेत्र के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। इसने अपने सफल परीक्षणों के साथ ही दुनिया भर के देशों को अपनी ओर आकर्षित करना शुरू कर दिया था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह से ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों पर तबाही मचाई और आतंकी ठिकानें बर्बाद किए, बड़ी संख्या में देश इसे पाने के लिए मचल उठे। हाल ही में दुबई में हुए एयर शो में भी ब्रह्मोस मिसाइल को प्रदर्शित किया गया था, जिसे देखकर दुनिया के कई देशों ने इसके सौदे में अपनी गहरी दिलचस्पी जाहिर की। रिपोर्ट में रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि '(मित्र देशों के अलावा) दुनिया भर के कई अन्य देशों की मिसाइलों में बड़ी दिलचस्पी दिखी है।'

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइलों की अपार कामयाबी के बाद सबसे पहले रक्षा मंत्रालय ने नेवी, एयर फोर्स और आर्मी के लिए इसकी बड़ी खरीदारी को मंजूरी दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पहले चरण में ब्रह्मोस मिसाइलों ने पहले पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाली कश्मीर में स्थित जैश ए मोहम्मद और लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के ठिकाने तबाह किए। वहीं, दूसरे चरण में पाकिस्तानी एयर बेस पर सटीक निशाना साधकर उन्हें पूरी तरह से पंगु बना दिया। तभी से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदारों की इसमें दिलचस्पी बढ़नी शुरू हो गई।?

इस सफलता में सिर्फ सरकारी कंपनियों का ही नहीं, बल्कि प्राइवेट सेक्टर का भी बड़ा हाथ है। प्राइवेट कंपनियों का बढ़ता कदः कुल उत्पादन में प्राइवेट सेक्टर की हिस्सेदारी बढ़कर 23 हो गई है। देश के लगभग 16,000 छोटे और मध्यम उद्योग रक्षा क्षेत्र को मजबूत बना रहे हैं। वे बड़ी कंपनियों को कल-पुर्जे और तकनीक मुहैया करा रहे हैं। अब तक 462 कंपनियों को 788 रक्षा औद्योगिक लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, जो बताता है कि बिजनेस जगत इस क्षेत्र में कितना उत्साह दिखा रहा है।

आखिर यह सब मुमकिन कैसे हुआ? इसका श्रेय सरकार द्वारा पिछले एक दशक में लिए गए कड़े और बड़े फैसलों को जाता है। 'डिफेंस एक्विजिशन प्रोसीजर 2020' और 'डीपीएम 2025' जैसी नीतियों ने लालफीताशाही को खत्म कर दिया है। अब सेना को हथियार खरीदने के लिए सालों इंतजार नहीं करना पड़ता। सरकार ने 'पॉजिटिव इंडिजिनाइजेशन लिस्ट' जारी की, जिसका मतलब है कि लिस्ट में शामिल सामान अब विदेश से नहीं मंगाए जाएंगे, वे भारत में ही बनेंगे। इसके साथ ही रक्षा बजट को 2013-14 के 2.53 लाख करोड़ से बढ़ाकर 2025-26 के लिए अनुमानित 6.81 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रक्षा क्षेत्र ने बहुत ही सकारात्मक यू-टर्न लिया है। भारत हथियारों के बहुत बड़े खरीदार से इसका एक बहुत ही स्थापित विक्रेता बन चुका है। रक्षा निर्यात के क्षेत्र में देश की धमक लगातार बढ़ती जा रही है। भारत आज 100 से ज्यादा देशों को रक्षा उपकरणों और हथियारों की सप्लाई कर रहा है।

भारत के रक्षा उपभोक्ताओं में अमेरिका, फ्रांस,इटली और रूस जैसे देश भी शामिल हैं।

महेन्द्र तिवारी

दीया का चयन महज एक खबर नहीं, बल्कि एक घोषणा है—कि भारतीय महिला क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। यदि वह अपने उसी जोश और दृढ़ता को बनाए रखती हैं जिसका प्रदर्शन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में किया है, तो वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की मुख्य स्तंभ बन सकती हैं। डब्ल्यूपीएल उनके लिए केवल एक मंच नहीं, बल्कि वह दरवाज़ा है जहाँ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक पहुँचने का रास्ता खुलता है। वह रास्ता लंबा है, चुनौतियों से भरा है, परंतु उनके शुरुआती सफर ने बता दिया है कि वह इस यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

महिला प्रीमियर लीग में दीया यादव के चयन से बदला खेल का नजरिया

महिला प्रीमियरलीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 का मेगाऑक्शन इस बार केवल नीलामी का मंच नहीं था, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट में बदलते समय और बदलती सोच का प्रतीक बनकर उभरा। 16 वर्षीय दीया यादव का चयन केवल एक साहसिक दांव नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के उदय का संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हीं मात्र 10 लाख रुपये के बेसप्राइस पर चुनकर दिखा दिया कि प्रतिभा की पहचान उम्र से नहीं, साहस और निरंतरता से होती है। दीया के चयन ने महिला क्रिकेट में वही हलचल पैदा की है, जैसी कभी आईपीएल में 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू ने की थी। दोनों घटनाएँ न सिर्फ खेल की दिशा बदलने वाली हैं, बल्कि यह भी बताती हैं कि भारतीय क्रिकेट अब युवाओं के लिए पहले से कहीं अधिक स्वागतशील मंच बन चुका है।

दीया यादव का उदय अचानक से नहीं हुआ। उनका नाम भले ही अभी सुर्खियों में आया हो, लेकिन उनकी यात्रा लंबे समय की मेहनत, अनुशासन और संघर्ष की कहानी है। 2023 की अंडर-15 महिला वनडे ट्रॉफी से उन्होंने जिस विस्फोटक अंदाज़ में अपने करियर की घोषणा की, वह किसी भी उभरते खिलाड़ी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। 96.33 की औसत और 578 रन अपने आप में अद्भुत उपलब्धि हैं, लेकिन तीन शतक और एक दुर्लभ डबलसेंचुरी दर्शाती है कि यह लड़की केवल प्रतिभाशाली नहीं है—वह मानसिक रूप से भी अत्यंत मजबूत है। नाबाद 124 रनों की पारी के बाद जिस तरह वह दिल्ली की चर्चाओं में आई, वह साफ दर्शाता है कि घरेलू क्रिकेट का दायरा अब उन प्रतिभाओं को पहचानने लगा है, जिन्हें पहले अक्सर अनदेखा कर दिया जाता था।

हरियाणा जैसी धरती, जहाँ पहले से ही कई बड़े खिलाड़ी जन्म ले चुके हैं, वहाँ दीया का उभरना आश्चर्य नहीं, बल्कि परंपरा का विस्तार है। लेकिन इसे अलग पहचान इसलिए मिलती है क्योंकि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में ही जिस परिपक्वता के संकेत दिए, वह बड़े स्तर पर सफलता की मजबूत संभावना दिखाते हैं। 2025-26 के सत्र में सीनियर टीम के लिए नंबर तीन पर खेलते हुए शेफाली वर्मा के साथ उनकी जोड़ी ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह सिर्फ प्रतिभा तक सीमित नहीं, बल्कि टीम के संतुलन और रणनीति का भी हिस्सा बन सकती हैं। यह साझेदारी केवल दो बल्लेबाज़ों का मिलन नहीं, बल्कि भारतीय महिला

क्रिकेट की नई मानसिकता का प्रतीक बन गई—तेज, निडर और बेझिझक क्रिकेट खेलने की मानसिकता।

टी20 प्रारूप स्वभाव से चुनौतीपूर्ण है। तेज़ निर्णय, निरंतर जोखिम और सीमित अवसर—इन तीनों का संतुलन ही इस प्रारूप की असली परीक्षा होती है। इस परीक्षा में दीया यादव ने जिस सहजता से सफलता हासिल की है, वह बताता है कि वह भविष्य की नहीं, वर्तमान की खिलाड़ी हैं। नॉर्थ जोन के लिए इंटर-जोनल टी20 ट्रॉफी में लगभग 150 के स्ट्राइकरेट के साथ रन बनाना, सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरेट की सूची में ऊपर रहना और सबसे अधिक चौके लगाने वालों में दूसरा स्थान पाना—ये उपलब्धियाँ बताती हैं कि उन्होंने टी20 मानसिकता को बखूबी समझ लिया है। उनका टी20 करियर भी यही कहानी कहता है—19 पारियों में लगभग 40 की औसत पर 590 रन और चार अर्धशतक दिखाते हैं कि वे स्थिरता और आक्रामकता दोनों का संतुलन बनाना जानती हैं। सीनियर टी20 ट्रॉफी में लगभग 60 की औसत के साथ 298 रन बनाकर उन्होंने न केवल नॉर्थ जोन को फाइनल तक पहुँचाया, बल्कि चयनकर्ताओं का भरोसा भी मजबूत किया कि वह कठिन परिस्थितियों में भी टिक सकती हैं।

दिल्ली कैपिटल्स का उन पर भरोसा केवल एक टीम की रणनीति नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट की बड़े बदलावों का संकेत है। अब टीमें जोखिम लेने से नहीं डरतीं। वे उस प्रतिभा को तराशने का जोखिम उठाती हैं, जो आने वाले वर्षों में टीम का भविष्य बदल सकती है। लॉरावॉल्वार्ट और स्नेह राणा जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ एक 16 वर्षीय उभरती प्रतिभा को जगह देना बताता है कि दिल्ली की टीम अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण चाहती है। यह चयन यह भी दर्शाता है कि घरेलू स्तर पर प्रदर्शन करने वाली लड़कियों को अब वह सम्मान मिलने लगा है, जिसकी उन्हें लंबे समय से जरूरत थी।

लेकिन इस कहानी का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सिर्फ क्रिकेट नहीं है। यह सामाजिक बदलाव की कहानी भी है। दीया जैसे खिलाड़ी उन लाखों लड़कियों के प्रतीक हैं, जो छोटे कस्बों और गाँवों में अपने सपनों को अक्सर समाज की सीमाओं में बाँधकर रख देती हैं। उनका उभरना उन परिवारों के लिए भी संदेश है जो अब अपनी बेटियों को खेल के मैदान तक पहुँचाने में हिचकिचाते नहीं। ट्रेंड बदल रहा है—और इस बदलाव में दीया यादव जैसी खिलाड़ी अग्रदूत हैं। भारतीय महिला क्रिकेट आज जिस ऊंचाई पर खड़ा है, वहाँ ऐसे साहसी कदम यह सुनिश्चित करते हैं कि आने वाले समय में यह और भी सशक्त होगा।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्राणियों में सबसे

प्राणियों में सबसे आला आदमी बुद्धि से आकाश छूता आदमी वीर हनु ने सूर्य का भक्षण किया तेज रवि का देख आया आदमी पीठ पर बारूद लेकर घूमता लाश सड़कों पर बिछाता आदमी जो लहर का रुख नहीं पहचानता वो सहज ही डूब जाता आदमी साथ कुछ जाता नहीं अंतिम समय ढेर दौलत के लगाता आदमी ज़िंदगी भर कश्मकश से जूझकर मर गया तो फिर न लौटा आदमी हो हवस इंसान पर क़ाबिज़ अगर जानवर इन्साँ से बनता आदमी। - **अंशु विनोद गुप्ता**

ऐ मेरे साथियों

ऐ मेरे साथियों मुस्कराते चलो। नेह के दीप पथ में सजाते चलो। रंजोगम के घनेरे मरुस्थल यहां जिंदगी के तराने सुनाते चलो। मुस्कुराई ज़रा बाग में इक कली खिलखिलाने लगीं, सब उदासी गली नूर जेसे लुटाती, मधुर चांदनी प्यार ऐसा जहां पर लुटाते चलो ऐ मेरे साथियो.... दोस्तों हौसलों से चलो तो सही हैं हजारों डगर, मंजिलें भी कई भावना से भरे गीत गा कर नए कारवां इक नया सा बनाते चलो ऐ मेरे साथियो..। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

उसने कहा वो उससे प्रेम करता

उसने कहा वो उससे प्रेम करता है उसने भी कहा वो उससे बहुत प्रेम करती है लेकिन मैंने सबसे गहरा और निश्छल प्रेम माता और पिता के अनकहे अल्फ़ाजों में देखा है हां , मैंने महसूस किया है कि जहां प्रेम व्यक्त नहीं होता सबसे गहरा प्रेम वही होता है - **रूबी प्रसाद**

ये दिल अकेला नहीं जान संग

ये दिल अकेला नहीं जान संग है मौसम ए बहार भी आसमां रंग है कोई कसक न हो सर्द हवाओं से साहिब साथ है नहीं मेहरबान ठंड है । - **सुरेश वैष्णव**

जब चन्द्रमा पर ध्वज लहराया गया...

जब चन्द्रमा पर ध्वज लहराया गया... तब विपक्ष देश मे गरीबी है वो फिज़ूल खर्ची है ... जब मंदिर पर ध्वज फहराया गया... तब विपक्ष चीन चन्द्रमा मे पहुंच गये सरकार मंदिर मंदिर कर रही है.... जब गरीबो को मुफ्त राशन देती है... तब सरकार राशन से जनता खरीद रही जाता है...। - **अंबर दानी**

अंतर्मन की सड़क पर सुदूर एकांत म

अंतर्मन की सड़क पर सुदूर एकांत में आवाज़ देते हैं कुछ तेरे मेरे भटकते संवाद। 2. बाजारवाद का दौर और : हार जीत की दौड़ निगल चुका है , 35 पार की कोशिशें जैसे : साँझ को एक बार में चबाता हो, भुखमरी से ग्रसित पंछी। 3. कुर्सी पर टेक लगाए, देखते हैं एल्बम में चुटकुलों से भरी उमंगों से जवां यादें और : फिर सो जाना होता है बिना किसी से कुछ भी कहे। - **अनुभूति 'अनु'**

हम भारत के नेता हमारी कोई भी पार्टी हो

हम भारत के नेता हमारी कोई भी पार्टी हो सरकारी सम्पत्ति को अपनी ही सम्पत्ति मानेंगे इसकी सुरक्षा के लिए अपने संरक्षण में घर ले जाएंगे। संविधान अधिकार देता है कर्तव्य तो कहीं लिखे ही नहीं। हो सकता है अधिकार पढ़ते ही नेता फूल के कुप्पा हो जाते हो अधिकारों को देख सतरंगी सपनों में खो जाते हों और कर्तव्य पालन के लिए जनता पड़ी है। - **नवीन शंकर शर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपके लिए आज का दिन भी लाभदायक रहेगा। दिन के आरंभ में अवश्य थोड़ी सुस्ती रहेगी इसके बाद का समय व्यस्त रहेगा।

वृष: आज का दिन आपके लिए सौभाग्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। मित्र रिश्तेदारों के ऊपर खर्च करना पड़ेगा इनसे लाभ भी होगा।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए शांतिदायक रहेगा। ईश्वरीय आराधना भजन-पूजन में निष्ठा रहने से मानसिक रूप से विचलित नही होंगे।

कर्क: आज का दिन आपके लिए आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से अशुभ रहेगा। सेहत में दिन भर उतार चढ़ाव लगा रहेगा।

सिंह: आज के दिन आपको अपने अधिकांश कार्यो में विजय मिलेगी। सोच विचार कर ही किसी कार्य को करेंगे।

कन्या: आज के दिन आपको परिश्रम का उचित फल मिल सकेगा। कार्य व्यवसाय में थोड़ी मेहनत के बाद उत्साहजनक लाभ मिलेगा।

तुला: आज के दिन आप अपने दिमाग पर कुछ ज्यादा ही जोर डालेंगे अनिर्णायक स्थिति रहने के कारण अधिकांश कार्य अधूरे रह जाएँगे या निरस्त भी करने पड़ सकते है।

वृश्चिक: आज का दिन सावधानी से व्यतीत करें। आज आप बड़बोलेपन के कारण कलह को स्वयं ही आमंत्रण देंगे।

धनु: आज के दिन दौड़ धूप तो रहेगी लेकिन इसका सकरात्मक परिणाम भी मिलेगा। व्यवसाय में आज निश्चिन्त होकर कार्य करें।

मकर: आज का दिन आपके लिए संतोषजनक रहेगा। आप आवश्यकता रहने पर भी आर्थिक मामलों को ज्यादा महत्त्व नही देंगे।

कुंभ: आज का दिन पिछले दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा। शारीरिक रूप से भी आज पहले से बेहतर अनुभव करेंगे। बुजुर्गो की सेहत में सुधार आयेगा।

मीन: आज का दिन आपको घर एवं बाहर कुछ ना कुछ हानि कराएगा। आज प्रत्येक कार्य को देख भाल कर ही करें।

सूर्योदय : 07:00, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदय: : 12:44, चन्द्रास्त: :24:26, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले),ऋतु: : हेमन्त, शक सम्वत: : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत: : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : पूर्वाभाद्रपद, योग : हर्षण, प्रथम करण : विष्टि (12:28 तक), द्वितीय करण : बव (24:15 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : कुम्भ, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) माउंट एरेबस, हाल ही में समाचारों में देखा गया, किस महाद्वीप में स्थित है?

2) क्वाड राष्ट्रों में कौन से देश शामिल हैं?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) महामारी तैयारी का अंतर्राष्ट्रीय दिवस किस दिन मनाया जाता है?

5) ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

उत्तरमाला- (1) अंटार्कटिका (2) ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान प्रणाली सक्षम करने के लिए (4) 27 दिसंबर (5) जेद्दा, सऊदी अरब

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 242

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, बहुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 241 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	श्रु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत मुख्य व्यवसाय के संबंध में प्रशिक्षण कराने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक सम्पन्न

पीएम इंटरशिप योजना में अधिक से अधिक लाभ प्रदान किए जाएं

नरसिहंपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने जिले की आईटीआई में संचालित व्यवसायों, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री सीखों- कमाओं योजना, अप्रेंटिसशिप/ नेप्स, पीएम इंटरशिप योजना, प्लेसमेंट, जिले में संचालित उद्योगों से एमओयू के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में सचिव डीएससी/ प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर श्री एसआर पाराशर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री पंकज पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिले में संचालित शासकीय आईटीआई के प्राचार्य मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की आईटीआई में संचालित व्यवसायों की समीक्षा करते हुए शासकीय आईटीआई गोटेगांव को निर्देशित किया गया कि संस्था में संचालित व्यवसाय स्टेनो हिन्दी की 02 यूनिट में से एक यूनिट के स्थान पर और शासकीय आईटीआई बावई चीचली को नवीन व्यवसाय, जिसमें रोजगार की उपलब्धता हो तथा जिले में

इंडस्ट्रीज की डिमांड के अनुसार सोलर टेक्नीशियन, मोबाईल रिपेयरिंग, ड्रोन टेक्नीशियन, आरएसी एग्रीकल्चर, फिटर, कोपा, मृदा परीक्षण, कृषि उपकरण सुधार से संबंधित अन्य व्यवसाय प्रारंभ करने का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को प्रेषित किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में 18 व्यवसायों से संबंधित सामाजिक संगठनों के प्रमुखों से संपर्क कर पीएम विश्वकर्मा योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाए। योजना के अंतर्गत मुख्य व्यवसाय जैसे बास्केट मेकर, लोहार, कुम्हार (सिरेमिक पॉट/ प्लांटर), मूर्तिकार आदि विशेष प्रशिक्षण प्रदाय कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण उपरांत हितग्राहियों द्वारा लोन एवं टूल किट प्राप्त करने के बाद उनकी आजीविका में क्या परिवर्तन आया, इसकी जानकारी प्राप्त की जाये। पीएम विश्वकर्मा योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले में संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों व लक्ष्य आंवटित की जानकारी उपलब्ध की जाए, जिससे प्रशिक्षण के दौरान उक्त प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया जा सके।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो- कमाओ योजना के तहत जिले में अधिक से अधिक ई- पीएफ प्रतिष्ठानों में छात्र- छात्राओं को संलग्न किये जाने के लिए औद्योगिक ईकाई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाये। इसी तरह अप्रेंटिसशिप/ नेप्स के तहत भी अधिक से अधिक इंडस्ट्रीज में विद्यार्थियों को संलग्न करने के लिए औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाये। पीएम इंटरशिप योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार कर प्रशिक्षणार्थियों को अधिक से अधिक लाभ प्रदान किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों/ इंडस्ट्रीज में प्लेसमेंट कराने के लिए भोपाल व पीथमपुर की कंपनियों से संपर्क कर आईटीआई/ युवा संगम/ रोजगार मेला में आंमत्रित किया जाये और इसमें अधिक से अधिक आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि समस्त शासकीय आईटीआई अधिक से अधिक से अधिक इंडस्ट्रीज से एमओयू कराकर प्रशिक्षणार्थियों का भ्रमण कराएं, जिससे प्रशिक्षणार्थी इंडस्ट्रीज के क्रियाकलाप से अवगत हो सके।

न्यूज गैलरी

धार्मिक क्षेत्रों में फूलों की खेती को दिया जाए बढ़ावा: संभागायुक्त सिंह

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

भोपाल/नवप्रदेश। संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने कहा है कि धार्मिक क्षेत्रों में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। किसानों को भावांतर योजना और किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न

योजनाओं का लाभ समय पर मिले। सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की शिकायतों का निराकरण भी समय पर हो। जो शिकायतें सौ दिवस से अधिक समय से लंबित चल रही हैं उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। संभागायुक्त श्री सिंह ने यह निर्देश कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) श्री विनोद यादव, उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती किरण गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि अधिकारियों द्वारा छात्रावासों का निरीक्षण किया जाए। छात्रवृत्ति और शिष्यवृत्ति का लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि एकल नल जल योजनाओं को दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाए। नर्मदा परिक्रमा पथ की मॉनीटरिंग कर आवश्यक कार्य शुरू किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला जल स्वच्छता मिशन, सड़क सुरक्षा समिति, जिला स्वास्थ्य समिति आदि की बैठकें समय पर आयोजित की जाएं। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में महिला अपराधों की रोकथाम के लिए काउंसलिंग की प्लानिंग की जाए। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, महिला बाल विकास और पुलिस विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न प्रकार की राहत राशि का वितरण समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने पंडित खुशी लाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय, शासकीय स्वशासी होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की कार्यकारिणी की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए।

शासकीय तिलक महाविद्यालय में फील्ड प्रोजेक्ट निर्माण पर कार्यशाला आयोजित

कटनी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस÷, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में स्नातक के विद्यार्थियों हेतु फील्ड प्रोजेक्ट निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को फील्ड प्रोजेक्ट की रूपरेखा, उद्देश्य निर्धारण, तथा प्रश्नावली निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इसके पश्चात प्रो. अजय कुररिया ने सर्वेक्षण तकनीक, टीम वर्क तथा प्रोजेक्ट के व्यवहारिक पक्ष पर मार्गदर्शन दिया और प्रोजेक्ट कार्य में अनुशासन एवं समय-सीमा के पालन पर बल दिया। प्रियंका गुप्ता ने सटीक, सरल

मोही में 10 आवेदकों को मिला भूमि आवंटन का आशय प्रमाण पत्र

कलेक्टर सूर्यवंशी ने औद्योगिक गतिविधियों को लेकर उद्यमियों से की चर्चा

बैतूल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार जिले में औद्योगिक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में गुरुवार को बैतूल जिले के मोही क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए चयनित 10 आवेदकों को आशय प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने औद्योगिक गतिविधियों को लेकर उद्यमियों और अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की औद्योगिक नीतियों और निवेश बढ़ाने की मंशा के अनुरूप जिले में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि नए प्रस्तावित उद्योगों से स्थानीय युवाओं को अधिकतम रोजगार मिल सके, इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। इस अवसर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्री कैलाश मानेकर, प्रबंधक श्री धीरज मंडलेकर, श्री ब्रजअशीष पांडे, श्री अंबेश बलवापूरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

15 एकड़ में विकसित किया जा रहा औद्योगिक क्षेत्र-

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष मनाने का निर्णय लिया गया था। इसी परिदृश्य में बैतूल में भी उद्योगों के विकास एवं स्थानीय लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से मुलताई तहसील के मोही में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। यह औद्योगिक क्षेत्र 15 एकड़ में विकसित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण में विकासित 27 प्लाटों के लिये 01 से 15 नवंबर 2025 के बीच एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें कुल 91आवेदन आए थे। राज्य स्तरीय समिति के द्वारा दस्तावेजों का निरीक्षण करने के पश्चात ऐसे 10 औद्योगिक भूखंड, जिसमें पात्र लाभार्थी सुखदेव उइके, कीरणबाला देशमुख, धनराज मनोटे, रिषभ पाटनकर देवेन्द्र राजपुत हीमांशू कटारे, जुझार हुसैन सिंगल पाए गए उन सभी को आशय पत्र जारी किए गए है।

पात्र पाए गए 10 आवेदकों द्वारा मिल्क प्रोडक्ट, पीवीसी पाईप्स, आयरण प्रोडक्ट, बेसिक मटेरियल, हर्बल कॉस्मेटिक प्रोडक्ट, मसाले पाउडर, डिस्पोसेबल पेपर प्लेट, पोल्टरी फिड प्रोडक्ट, फुड प्रोडक्ट, रॉड बोल्ड आदि विनिर्माण इकाईयों के माध्यम से कुल 150 लोगों को रोजगार एवं 7.5 करोड़ का निवेश किया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा शेष 17 औद्योगिक भूखंडों पर 1 से ज्यादा आवेदन आए, जिनके बीच एमपी टेंडर के माध्यम से ऑनलाईन ऑक्सन किया जाएगा। शेष 17 औद्योगिक भूखंडो से 300 लोगों को रोजगार एवं लगभग 15 करोड़ का निवेश आना

शासकीय चन्द्र विजय महाविद्यालय में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम आयोजित

डिण्डोरी/नवप्रदेश। शासकीय पीएम श्री चंद्र विजय महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे तथा जिला नोडल अधिकारी (आरकेएसके) एवं डीएचओ-2 डॉ. जयश्री मरावी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस. के. दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ईश्वर चंद्र परणा द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि परोपकार ही परम धर्म एवं ईश्वर उपासना है, इससे समाज सेवा के साथ आंतरिक प्रसन्नता प्राप्त होती है।

एनीमिया एवं सिकल सेल पर विशेष सत्र

जिला सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती ने विद्यार्थियों को एनीमिया स्क्रीनिंग, सिकल सेल बीमारी के लक्षण, कारण एवं रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एक वंशानुगत बीमारी है, इसलिए विवाह पूर्व सिकल सेल की रिपोर्ट अवश्य मिलानी चाहिए। साथ ही फिजिकल एक्टिविटी, योग एवं व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग भी की गई।

स्वास्थ्य जागरूकता पर उपयोगी जानकारी

उमंग हेल्थ एंड वेलनेस नोडल अधिकारी डॉ. अमीर खान ने कहा कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि जीवन में कभी न कभी सभी को स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कार्यक्रम में सक्रिय योगदान देने की अपील की।
जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक ओमप्रकाश उरैती ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम तथा उमंग युवा शक्ति मिशन 2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उमंग स्वास्थ्य क्लिनिक सेवाओं की जानकारी

परामर्शदाता नविता पटेल ने उमंग स्वास्थ्य क्लिनिक के अंतर्गत उपलब्ध 14 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को पोषण, मनहित ऐप, टेली मानस हेल्पलाइन 14416, उमंग हेल्पलाइन 14425 तथा जस्ट आस्क चैटबॉट के बारे में भी अवगत कराया।

स्वास्थ्य परीक्षण एवं सहयोग

कार्यक्रम में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषिकेश सिंह, डॉ. हर्षवर्धन सिंह, डॉ. त्रिवेणी धुर्वे, सीएचओ जानकी चंद्रा एवं पूजा द्विवेदी द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम की सफलता में परामर्शदाता नेहा पटेल, गौरी शंकर बर्मन, मास्टर ट्रेनर प्रशांत बनवासी, सुप्रिया चंदेल एवं तरुण का विशेष सहयोग रहा।

भोपाल में अब बिना परमिशन पेड़ काटा तो जाएंगे जेल: निगम कमिश्नर ने जताई नाराजगी

कोलार में सीएम इंफ्रा में लापरवाही, 2 इंजीनियर सस्पेंड

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में अब कहीं भी बिना परमिशन के पेड़ काटा तो जेल जाना पड़ सकता है। एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रूबनल) के आदेश के बाद नगर निगम भी सख्त हुआ है। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने पेड़ कटाने की अनुमति की शाखा खुद अपने हाथों में ली है। वे ही अनुमति जारी करेंगी। इधर, कमिश्नर जैन ने कोलार रोड पर सीएम इंफ्रा में लापरवाही बरतने पर दो इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया।

कोलार क्षेत्र में सीएम इंफ्रा के तहत निर्मित सीसी सड़क के कार्यो में लापरवाही बरतने एवं संतोषजनक जानकारी न देने पर जोन नंबर-18 के प्रभारी सहायक यंत्री (यांत्रिक) मनीष सिंह एवं उपयंत्री (यांत्रिक) हर्षदीप सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

वार्ड नंबर-83 में सीएम इंफ्रा के तहत निर्मित सड़क की स्थिति मानक स्तर की गुणवत्ता की न होने और जगह-जगह गड्डे, सतह खराब होने पर सख्त नाराजगी जताते हुए कमिश्नर जैन ने यह कार्रवाई की। वहीं, कार्यपालन यंत्री कोलार एसके राजेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कमिश्नर ने सीएम इंफ्रा के तहत निर्माणाधीन सड़क की कोर कटिंग कर जांच कराने के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए।

पेड़ काटने को लेकर नाराजगी, बैठक की

कमिश्नर जैन ने एक दिन पहले गुरुवार को निगम ऑफिस में समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिना अनुमति के पेड़ काटने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अब शहर में यदि कोई भी बिना अनुमति वृक्ष काटेगा तो उसे जेल तक भी जाना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में निगम कमिश्नर जैन ने आयुक्त में निहित वृक्ष अधिकारी की पूर्व में प्रत्यायोजित शक्तियों को निरस्त कर दिया है। अब वे स्वयं वृक्ष अधिकारी के रूप में वृक्ष काटने की अनुमति जारी करेंगी।

पेड़ों की कटाई-छंटाई पर भी नाराजगी

कमिश्नर जैन ने शहर में बिना अनुमति के पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त निर्देश दिए कि बिना अनुमति के शहर में कहीं भी पेड़ों की कटाई-छंटाई न होने दी जाए। यदि कोई भी बिना अनुमति के वृक्षों की कटाई-छंटाई करता है तो उसके विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे व्यक्ति को जेल भी जाना पड़ सकता है।

13 दिसंबर को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत

बीमा कंपनी के प्रकरणों के राजीनामा / निराकरण के लिए अधिवक्ताओं तथा न्यायाधीशों की बैठक

बैतूल/नवप्रदेश। को जिला मुख्यालय बैतूल एवं अंतर्गत सिविल न्यायालय आमला, भैंसदेही एवं मुलताई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक प्रकरणों के साथ-साथ मोटर दुर्घटना एवं क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों का भी राजीनामा द्वारा निराकरण किया जाएगा। मोटर दुर्घटना एवं क्षतिपूर्ति दावा के अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल की अध्यक्षता में आज बीमा क्लेम संबंधी न्यायिक पीठासीन अधिकारियों, बीमा कंपनी के अधिकारी एवं पैनल अधिवक्ताओं तथा क्लेमेंट के अधिवक्ताओं की बैठक का आयोजन जिला न्यायालय के व्ही. सी. कक्ष में किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा सभी अधिवक्ताओं से क्लेम प्रकरणों में समझौता राशि का प्रस्ताव यथाशीघ्र देने की बात कही जिससे बीमा कंपनी व उनके अधिवक्ता चर्चा कर राशि निर्धारित करा सके। उन्होनें ऐसे प्रकरणों को चिन्हित कर कंपनी अनुसार सूची तैयार करने एवं प्रि-सीटिंग बैठकों में पीठासीन अधिकारियों के साथ चर्चा करने हेतु कहा। आर.टी.ओ. से उपस्थित कर्मचारी को ड्राइविंग लायसेंस एवं फिटनेस तथा बीमा तिथि के दस्तावेजों को कम से कम समय में वेरीफाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होने बताया कि 13 दिसंबर की लोक अदालत में जिले में बीमा क्लेम के 100 प्रकरणों में राजीनामा किया गया था।

नेशनल लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी श्री शिव बालक साहू द्वारा बताया गया कि प्रि-सीटिंग बैठक में क्लेम की राजीनामा योग्य राशि निर्धारण करवाया जा सकता है एवं पीठासीन अधिकारियों से भी सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त बैठक में नेशनल लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी श्री शिव बालक साहू, जिला न्यायाधीश श्री सचिन कुमार घोष, श्री कैलाश नारायण अहिरवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी-श्री सोमनाथ राय तथा बीमा कंपनी के पैनल अधिवक्ता श्री बी. के. पांडे, श्री निलेश चौरगढे, श्री विनोद टेकाडे, श्री हीरामन सूर्यवंशी, श्री राजेन्द्र बघेल तथा आर.टी.ओ. के स्टॉफ श्री अक्षय राणे तथा अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

शिकायत के बाद पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारियों को मिला ईएसआई कार्ड

कांकेर/नवप्रदेश। लंबे समय से अपनी अधिकारों को हासिल करने के लिए संघर्षरत निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को आज ठेकेदार ने ईएसआई कार्ड वितरित कर दिया है।

आज जारी एक प्रेस बयान में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के राज्य अध्यक्ष द्वारका कोसरिया और महासचिव भाव सिंह कश्यप ने कहा पिछले दिनों यूनियन ने ईएसआई में भारी भरकम राशि की घोटाला होने का अंदेशा जताते हुए जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा था।जिस पर कलेक्टर महोदय ने जांच के आदेश देने का आश्वासन दिया था।

सीएमओ के हस्तक्षेप से हुआ समस्या का निराकरण

नपा सीएमओ के हस्तक्षेप के बाद यह सहमति बनी कि कर्मचारी कार्ड ले और जो त्रुटि तथा परिवार के सदस्यों के नाम आधारकार्ड एवं फोटो सात दिवस के भीतर ठेकेदार सुधार एवं संपूर्ण कर देंगे। इसके साथ यह भी तय हुआ कि कर्मचारियों के ई एसआई खाता में राशि जमा है या नहीं हुआ है इस संबंध में यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल को नगर पालिका के संबंधित कर्मचारी दो दिनों में दस्तावेज उपलब्ध कराएंगेताकि यह पता लग सके कि यह कार्ड जीवित है या नहीं।

उसी के कारण आननफानन में ठेकेदार द्वारा कल कांकेर नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारियों के बीच ईएसआई का कार्ड वितरित की गई है।

नेताओं ने कहा कि सभी कर्मचारी के कार्ड में त्रुटि है और उस कार्ड में कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों की कोई जानकारी भी है।जांच के आदेश से घबराहट ई एस आई कार्ड में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।कार्ड में कर्मचारी की व्यक्तिगत जानकारी भी त्रुटियों से भरी हुई है।

कर्मचारियों ने कार्ड लेने से किया था इनकार: कर्मचारियों ने इस त्रुटियुक्त और असम्पूर्ण कार्डों को लेने से इनकार कर दिया था और मांग किया कि त्रुटि को सुधारकर परिवार के सदस्यों के नाम, फोटो और आधार कार्ड नंबर जोड़कर ही कार्ड को वितरित किया जाय। जिस पर ठेकेदार के प्रतिनिधि ने सभी को कार्ड लेकर च्वाइस सेंटर से सुधार कर लेने पर जोर देते रहे,जिससे कर्मचारियों में गुस्सा और भड़क गया था और वे कार्ड लेने से ही इनकार कर दिए थे।बहस के दौरान यह मुद्दा भी सामने आया कि कर्मचारियों के ई एस आई के फंड में नियमित रूप से राशि जमा हो रहा है या नहीं? या कर्मचारियों को सिर्फकार्ड वितरित कर मामला को रफा दफा कर देना चाहते है।अगर ई एसआई फंड में नियमित रूप से निर्धारित निश्चित राशि जमा नहीं होगा तो फिर उस कार्ड से कोई भी कर्मचारी किसी भी प्रकार का कोई लाभ हासिल नहीं कर सकता है। वह कार्ड सिर्फ एक कागज का टुकड़ा बन कर रह जाएगा।

जिला के अन्य नगरपंचायत में नहीं मिला अभी तक ई एसआई कार्ड

नेताओं ने कहा कि कलेक्टर महोदय को जिला के सभी निकायों में प्लेसमेंट कर्मचारियों को ई एसआई कार्ड वितरीत करने और सभी निकायों में इस मद पर जांच करने का ज्ञापन सौंपा गया था।लेकिन अभी भी भानुप्रतापपुर,अंतागढ़ चारामा पखांजूर नगर पंचायतों में कर्मचारियों को ई एसआई कार्ड नहीं मिला है। नेताओं ने कॉलेक्टर से आग्रह किया कि उन सभी निकायों में प्लेसमेंट कर्मचारियों को तुरंत ई एसआई कार्ड वितरीत किया जाय और आर्थिक अनियमितता की अंदेशा पर जांच कराया जाए।

जिप सदस्य मृदुला भास्कर ने शिशु हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। 28 नवंबर 2025 शुक्रवार को कांग्रेस की जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर ने अलबेला पारा में शिशु हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। जिसमें कई अव्यवस्था पाई गई वहां के मरीजो ने

बताया कि दूर-दूर से आने वाले मरीज के लिए खाना खाने एवं बैठने के लिए टीना सेट की अति आवश्यक है वहां के स्टाफ डॉक्टर ने जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर को बताया आईसीयू पूरा सेटअप नहीं होने के कारण क्रिटिकल मरीजों को रेफर करना पड़ता है,और वहां के स्टाफ और मरीजो ने बताया की गर्भवती महिलाओं को लैब में बैठने के लिए चेयर का भी जरूरत है और पानी की भी व्यवस्था तथा शौचालय का प्रबंध का आवश्यक है मरीजो के लिए ठंड में गर्म पानी पीने के लिए गीजर की अति आवश्यक है।इस समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला पंचयात सदस्य मृदुला भास्कर ने शासन प्रशासन को निराकरण करने के लिए अवगत करवाकर समस्याओ का जल्द निराकरण की बात कही गई है।

टीचर्स पदोन्नत संघर्ष मोर्चा ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

कांकेर/नवप्रदेश। टीचर्स पदोन्नत संघर्ष मोर्चा ने गुरुवार को ज़िला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए प्रधान पाठक पदोन्नति भर्ती मामले को लेकर डीईओ रमेश निषाद को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंप उचित कार्यवाही की मांग किया गया है।ज्ञापन सौंपने पश्चात टीचर्स पदोन्नत संघर्ष मोर्चा के संभाग संयोजक उत्तम सिन्हा बलराम यादव उमेश शुक्ला मीडिया प्रभारी लालमन पटेल ने बताया कि 01अप्रैल 2025 के स्थिति में सहायक शिक्षकों की अंतरिम व अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाए। इसी तरह प्रधान पाठकों के रिक्त पदों की ब्लाकों से जानकारी मंगाकर पदोन्नति भर्ती के लिए डी.पी.सी. कराई जावें।प्राथमिक प्रधान पाठकों के रिक्त पदों पर कॉउसलिंग के माध्यम से भर्ती करने के लिए समय तिथि आदेश जारी किया जाए।अभी तक वरिष्ठता सूची प्रकाशन न होना आपके कार्यालय की उदासीनता को दर्शाता है। यदि उक्त विषयों पर 04 दिसम्बर तक कोई भी कार्यवाही नहीं होती है तो आपके कार्यालय में 8 दिसम्बर को हल्ला बोल व घेराव कार्यक्रम के लिए मोर्चा बाध्य रहेगी।जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी रहेगी।ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से खेमन मंडावी लिलेश्वर मदन लाल उईके लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा संतोष बट्टी महेश्वर कोटपरिया नितिन तिवारी रोहित बघेल नोहर पोर्ट छोटे लाल देवांगन प्रकाश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में संघ के लोग उपस्थित थे।

तेलावट में आयोजित जिला स्तरीय पशु मेला में पशुपालकों ने दिखाई रुचि

कांकेर/नवप्रदेश। रजत जयंती के तहत पशुधन विकास विभाग द्वारा

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम तेलावट में आज जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में पशु पालन को बढ़ावा देना, नवीन तकनिकों से पशु पालकों को परिचित कराना और लाभान्वित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला स्तरीय समिति गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सोनसाय साहू ने पशुपालकां को संबोधित करते हुए कृषि के साथ गौपालन कर आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया। साथ ही गौ-संरक्षण, संवर्धन और पंच गव्य उत्पादों के लाभ के बारे में जानकारी दी। पशु मेला स्थल पर विभिन्न नस्लां के दुधारु गाय, उन्नत बछिया, स्वस्थ बछड़ा-बछिया, बैल-भैंस जोड़ी, बकरी, भेड़, मुर्गी-मुर्गा एवं सूकर की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें ग्रामीणों ने रुचि दिखाई। पशुधन विकास विभाग के विशेषज्ञों द्वारा पशुओं के उचित देखभाल, उन्नत पशुपालन, नस्ल सुधार व नवीन तकनीकों और योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

अन्नपूर्णापारा पीडीएस सेंटर में लापरवाही निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा द्वारा 26 नवंबर 2025 को जिले की विभिन्न शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान, अन्नपूर्णा पारा (आई.डी.क्र. 61001009) में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। मौके पर दुकान बंद पाई गई, वहीं दुकान परिसर में अनिवार्य सूचना पटल, सामग्री वितरण पात्रता सूची, मूल्य सूची एवं टोल फ्री नंबर का प्रदर्शन नहीं पाया गया। साथ ही दुकान के स्थल परिवर्तन की जानकारी पुराने स्थल पर प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा मार्च 2024 में भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गई खाद्यान्न कमी की राशि जमा कराने के लिए जारी पत्र का कोई समुचित उत्तर दुकान संचालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इन सभी अनियमितताएं व लापरवाही सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 12.3 तथा 14 (1), (2) का स्पष्ट उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त अनियमितताओं के आधार पर आयोग द्वारा दुकान संचालक पर कड़ी कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से दुकान का निलंबन करने के निर्देश दिए गए। निर्देश के परिपालन में उचित मूल्य दुकान को निलंबित करते हुए उसे आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से संगवारी महिला स्व-सहायता समूह, बरदेभाटा (आई.डी. 601001010) में संलग्न कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कठोरता से कार्रवाई जारी रहेगी।

अंतागढ़-नारायणपुर क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग हुई पूरी

अंतागढ़-नारायणपुर 46 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य मंत्री केदार ने किया भूमिपूजन

- **137 करोड़ रूपए की लागत से होगा अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण**

कांकेर/नवप्रदेश। अंतागढ़-नारायणपुर क्षेत्रवासियो की बहुप्रतिक्षित मांग को सरकार ने पूरी कर दी है। वन.पर्यावरण.सहकारिता एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में 46 किलोमीटर लंबी इस सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का ग्राम ताड़ोकी में आयोजित कार्यक्रम में आज भूमिपूजन किया गया। इस सड़क निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 136 करोड़ 77 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।भूमिपूजन समारोह की अध्यक्षता विधायक अंतागढ़ विक्रमदेव उसेण्डी द्वारा की गई तथा सांसद कांकेर भोजराज नाग विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित थे।

सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के वन, पर्यावरण, सहकारिता एवं परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के नागरिकों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगा। क्षेत्रवासियों द्वारा इस सड़क निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी, जो आज पूरी हो गई है। उन्होंने इस सड़क के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है। सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया जा रहा है, जिसमें सभी मतदाताओं को जिन्हें बीएलओ द्वारा फार्म उपलब्ध कराए गए हैं, वे उसे भरकर समय-सीमा में बीएलओ के पास जमा करावें। श्री कश्यप ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकास कार्यों को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। माओवाद की चुनौतियों के कारण विकास कार्यों में जो बाधाएं थीं, उन्हें सरकार दूर कर रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह द्वारा 31 मार्च 2026 तक नक्सल उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानां के धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर तथा तेन्दूपत्ता 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा जा रहा है, साथ ही सरकार द्वारा चरण पादुका योजना को फिर से शुरू कर दिया गया है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 05 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए यह सड़क वरदान सिद्ध होगा, इससे आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण के अलावा रेल लाईन का निर्माण भी इस अंचल के विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि दल्लीराजहरा से रावघाट तक रेल लाईन बिछाई जा रही है, वर्तमान में ताड़ोकी तक रेल लाईन बिछाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत पात्र सभी महिलाओं को प्रति माह 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

कलेक्टर ने शिक्षक कपिल साहू को उत्कृष्ट बीएलओ सम्मान प्रदत्त

कांकेर/नवप्रदेश। दिनाँक 27/11/2025 को जिला कलेक्टर कांकेर श्री नीलेश कुमार क्षीर सागर जी द्वारा एसआईआर 2025 में 100 त्न डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले जिले के तीनों विधानसभा से कुल 37 BLO को उत्कृष्ट बीएलओ सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र सौंपा गया!

79 - अंतागढ़ विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 168 में कार्यरत BLO को भी SIR में बेहतरीन कार्य करने हेतु यह सम्मान प्रदाय कि गई!

ज्ञात हो कि मतदान केंद्र कलगांव में कुल 731 मतदाता है जिनका गणना पत्रक वितरण, गणना form भरना, गणना form जमा एवं उसका डिजिटलीकरण का कार्य BLo श्री कपिल साहू द्वारा बहुत ही कम समय 23 नवम्बर 2025 तक 100% पूर्ण कर लिया गया था!अतः SIR 2025 में उनके इसी बेहतरीन कार्य हेतु उन्हें यह सम्मान प्रदाय किया गया!

उनके साथ साथ अंतागढ़ विधानसभा से कलेक्टर के हाथों सम्मानित होने वाले बीएलओ में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 अंतर्गत मतदान केंद्र शास. प्रा. शाला कलगांव के श्री कपिल राम साहू, प्राथमिक शाला हिमोड़ा के बीएलओ नोहर लाल पोर्ते, प्राथमिक शाला मंडागांव के ओमप्रकाश दुग्गा, प्राथमिक शाला संबलपुर के कमलेश रावटे, प्राथम चारगांव के इंदेश कुमार मंडावी, को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र सौपा गया! इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं एसडीएम कांकेर श्री अरूण कुमार वर्मा एवं निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके तहत बीएलओ 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर के बीच मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण कर रहे है!

एफएलएन मेला': युवा मस्तिष्कों को शिक्षा के रंग-बिरंगे स्वरूप से जोड़ा गया

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भोपालपटनम ब्लॉक की शालाओं में शिक्षा का एक अनूठा उत्सव देखने को मिला, जहाँ 'एफएलएन मेला' (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) के तहत युवा मस्तिष्कों को शिक्षा के रंग-बिरंगे स्वरूप से जोड़ा गया। ब्लॉक के सभी 158 स्कूलों में आयोजित इस विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम ने कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मेलेकी सबसे बड़ी विशेषता रही पारंपरिक शिक्षण पद्धति से हटकर नवाचारी शिक्षण विधियों का प्रयोग। बच्चों ने विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञान अर्जित किया, जिनमें शामिल हैंः खेल-खेल में सीखने की रोचक विधियाँ, गतिविधि-आधारित व्यावहारिक शिक्षण, स्वयं सीखने को प्रोत्साहित करने वाली पद्धतियाँ,आकर्षक टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) का प्रयोग, इंटरएक्टिव लर्निंग एक्टिविटीज

मेले में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रत्येक कक्षा में बच्चे उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते नजर आए। शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में न केवल पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत होती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

यह कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवंप्रशिक्षण परिषद रायपुर और राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को जिला प्रशासन का पूर्ण समर्थन मिला, जिसमें कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक बीजापुर के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर के नेतृत्व ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार कोरम, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्री श्रीनिवास एटला एवं बीआरसी श्री शंकर यालम ने विभिन्न शालाओं का दौरा कर एफएलएन मेले का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से रुबरू बातचीत कर उनके प्रयासों की सराहना की और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों हेतु वातावरण निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन

बीजापुर//नवप्रदेश। समग्र शिक्षाङ्कसमावेशी शिक्षा अंतर्गत विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय भोपालपटनम में दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों हेतु वातावरण निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय के आदेशानुसार एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर श्री कमल दास झाड़ी तथा सहायक परियोजना अधिकारी समावेशी शिक्षा प्रभारी श्री तारकेश्वर पैकरा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में विकासखंड के प्रमुख विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री विजय कोरम, खंड स्त्रोत समन्वयक श्री यालम शंकर, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्री श्रीनिवास एटला, विकासखंड समावेशी शिक्षा प्रभारी श्री अनिरुद्ध गिलहरे, मास्टर ट्रेनर श्री वेदराम निषाद (उसूर) एवं श्री चितुराम बघेल (बीजापुर) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इसके अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों के शिक्षकङ्कपालक एवं खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय के समस्त अधिकारीङ्ककर्मचारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

कार्यशाला के दौरान दिव्यांग बच्चों को की-पैड मोबाइल, श्रवण यंत्र, एम.आर. किट, लो विजन किट एवं हैंड मैग्निफायर वितरित किए गए। इन सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं दैनिक जीवन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम के अंत में समावेशी शिक्षा के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों के बीच समान अवसर, सकारात्मक वातावरण एवं सहयोगपूर्ण शिक्षा व्यवस्था ही समग्र शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है।

प्रथम पेज का शेष

पीएम-गृहमंत्री और एनएसए...

रॉ चीफसमेत अन्य अधिकारी अपना तर्क रखेंगे। साथ ही इन्हीं तर्क के आधार पर मॉडल नीति बनेगी और मॉडल स्टेट का चयन किया जाएगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर होगी चर्चा

यह सम्मेलन देश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के विविध मुद्दों पर खुले और सार्थक विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण संवादात्मक मंच प्रदान करता है। यह पुलिस बलों के सामने आने वाली परिचालन, अवसंरचनात्मक और कल्याण संबंधी चुनौतियों पर चर्चा के साथ-साथ अपराध से निपटने, कानून- व्यवस्था बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए पेशेवर प्रथाओं के निर्माण और साझाकरण को भी सुगम बनाता है।

देश के तीन...

गाजीपुर थाना प्रभारी ने खुशी का इजहार किया। गाजीपुर थाना अध्यक्ष उपाध्याय बाला शंकरन ने इस दौरान कहा है कि ये सम्मान पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। मीडिया ने भी काफी सहयोग किया। सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं।

तेल-एस400 पर होगी...

3 भारत को मिल चुके हैं। चौथे स्क्वाड्रन की डिलीवरी रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण रुकी हुई है। एस-400 ट्रायम्फ रूस का एडवांस्ड मिसाइल सिस्टम है, जिसे 2007 में लॉन्च किया गया था। यह सिस्टम फाइटर जेट, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल, ड्रोन और स्टेल्थ विमानों तक को मार गिरा सकता है। यह हवा में कई तरह के खतरों से बचाव के लिए एक मजबूत ढाल की तरह काम करता है। दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है।

नया पेमेंट सिस्टम बनाने पर बात हो सकती है

50 देश के साथ...

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफ्टीए) समूह के साथ पहले ही एफ्टीए को मूर्त रूप दे दिया है। भारत इस समय 14 देशों या देशों के समूहों के साथ वार्ता कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत उन देशों के साथ एफ्टीए पर बात कर रहा है जो हमारे व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है और विकसित देश है ताकि हम एक दूसरे के पूरक बन सकें। उन्होंने कहा कि भारत के साथ दुनिया के सभी देश एफ्टीए करना चाहते हैं क्योंकि यहां ऐसी सरकार है जिसकी नीति कारोबार और सार्वजनिक हित को बढ़ावा देती है। यहां कारोबार की आसानी है, हमने प्रासंगिकता खो चुके पुराने नियमों को बदला है। यहां युवा आबादी है जो टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाने में सक्षम है।

भाषा और संस्कृति एक

जैसे आयोजन नई पीढ़ी में सृजनशीलता और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर की विचारधारा और उनकी वैश्विक दृष्टि आज भी दुनिया भर में संवाद, सौहार्द और मानवता का संदेश देती है। विश्वरंगङ्क2025 जैसा मंच साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है। यह आयोजन हमारी समृद्ध देशज कला एवं संस्कृति का पोषक है। यह हमारे साहित्यिक वैविध्य में भी एकात्मकता का संदेश देता है। साहित्य लोक-समाज को दिशा देने वाले कर्म के साथ हमारी जीवनधारा का मानस मर्म भी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि दुनिया में कई देशों की अपनी-अपनी संस्कृति है। लेकिन भारत का उद्भव मातृ सत्ता के आधार पर विश्व बंधुत्व को लेकर आगे बढ़ने की रही है। ब्रिटिश काल से ही भारतवंशी दुनिया के अनेक देशों में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। भारतीय इतिहास पर नजर डालें, तो अंग्रेज कभी एग्रीमेंट कर भारतीयों को कृषि और पशुपालन सहित अन्य कार्यों के लिए अपने स्वामित्व वाले देशों में ले गए थे। इन्हीं को गिरमिटिया कहा गया है। तब अंग्रेजों ने देशभर से इन शुभ कार्यों के लिए सुयोग्य लोगों को चुना था। आज विश्वरंग के माध्यम से 70 देशों के साहित्यकार, कलाकार और संस्कृति संरक्षक भोपाल आए हैं।

एमपी में बच्ची से रेप के

वह जंगलों के रास्ते पैदल ही भोपाल में दाखिल हुआ था और गांधीनगर इलाके में छिपा हुआ था। सलमान के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही जय मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे थे, लेकिन उससे पहले ही आरोपी को गौहरगंज पुलिस को सौंपा जा चुका था।

अब्दुल, रिजवान और आसिफ की मदद से पक?ा आरोपी

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, आरोपी को पक?वाने में नई बस्ती में रहने वाले अब्दुल, रिजवान और आसिफ नाम के युवकों की अहम भूमिका थी। अब्दुल के मुताबिक, हम लोग बस स्टैंड पर थे। आसिफ भाई का फोन आया कि एक व्यक्ति किराए से कमरा मांग रहा है। उसने फोटो भेजा। मैं सोशल मीडिया पर एक्टिव हूं। मुझे ये रायसेन के आरोपी जैसा लगा। मैंने आसिफ से कहा- इसे रोक कर रखो। हम लोग आ रहे हैं।

गीता ने सिखाया- अत्याचारियों का अंत भी जरूरी : पीएम मोदी

उडुपी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एकदिवसीय कर्नाटक दौरे पर पहुंच गए हैं। जहां उडुपी में जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने विश्व गीता पर्याय-लक्ष्य कंठ गीता परायण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया।

'उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि'

इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'उडुपी आना मेरे लिए खास इसलिए भी है क्योंकि उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि रही है। 1968 में, उडुपी के लोगों ने हमारे जनसंघ के वी.एस. आचार्य को यहां के नगरपालिका परिषद में जिताया था... आज हम देश भर में जो स्वच्छता अभियान देख रहे हैं, उसे उडुपी ने पांच दशक पहले अपनाया था...'

ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'हमारे समाज में मंत्रों, गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है पर जब एक लाख कंठ एक स्वर में इन श्लोकों का ऐसा उच्चारण करते हैं... तो ऐसी ऊर्जा निकलती है जो हमारे मन, मस्तिष्क को एक नया स्पंदन, नई शक्ति देती है... यही ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है, यही ऊर्जा सामाजिक एकता की शक्ति है इसलिए आज लक्ष कंठ गीता का ये अवसर एक विशाल ऊर्जा पिंड को अनुभव करने का अवसर बन गया है।'



'देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है... हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और उसी प्राचीर से हम मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं... देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है... हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और शांति की रक्षा करना भी जानते हैं।'

'सबका साथ, सबका विकास' की नीति भगवान श्रीकृष्ण के श्लोकों से प्रेरित : पीएम

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा, 'यहां आने से तीन दिन पहले मैं अयोध्या में था। 25 नवंबर को विवाह पंचमी के पावन दिन अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है... राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका कितनी बड़ी है सारा देश इसे जानता है।' उन्होंने कहा, 'आज हमारी 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की नीतियां भगवान श्री कृष्ण के इन श्लोकों से प्रेरित हैं। भगवान श्री कृष्ण हमें गरीबों की मदद करने का मंत्र देते हैं और इसी मंत्र की प्रेरणा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का आधार बनती है... भगवान श्री कृष्ण हमें महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का ज्ञान सिखाते हैं और इन्हीं की प्रेरणा से देश नारी शक्ति वंदन अधिनियम का ऐतिहासिक फैसला लेता है।'

'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन

अपने इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ने 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन किया, जो भगवान कृष्ण के गर्भगृह के सामने बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने 'कनक कवच' भी समर्पित किया। यह कनाकाना किंदी पर स्वर्ण आवरण है, जहां से भक्त और संत कनकदास ने पहली बार भगवान कृष्ण के दर्शन किए थे। श्री कृष्ण मठ की स्थापना करीब 800 साल पहले श्री मध्वाचार्य ने की थी, जो द्वैत वेदांत दर्शन के संस्थापक थे।

पीएम मोदी ने 77 फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा का किया अनावरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में भगवान राम की दुनिया की सबसे ऊंची 77 फीट की कांस्य मूर्ति का अनावरण किया। यह मूर्ति श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्थम मठ में स्थापित की गई है, जहां इस समय मठ परंपरा के 550 साल पूरे होने पर खास आयोजन चल रहे हैं।

पीएम मोदी ने जिस प्रतिमा का अनावरण किया, उसे मशहूर मूर्तिकार राम सुतार ने बनाया है। यही कलाकार गुजरात में बनी 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के लिए भी जाने जाते हैं। यह राम प्रतिमा दुनिया में सबसे ऊंची बताई जा रही है। मठ परंपरा के 550 साल पूरे होने के अवसर पर 27 नवंबर से 7 दिसंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, हर दिन 7000 से 10 हजार श्रद्धालुओं के मठ में आने की उम्मीद है।दक्षिण गोवा के कनाकोना स्थित पर्तगल गांव में इस मठ का वर्तमान परिसर करीब 370 साल पहले बनाया गया था।

हांगकांग : अग्निकांड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 128 हुआ



अभी और बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा

हांगकांग। हांगकांग की रिहायशी इमारतों में लगी आग में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 128 हो गया है। शुक्रवार को आग से प्रभावित इमारतों में तलाशी अभियान के दौरान कई और शव मिले, जिसके बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया। अग्निशमन विभाग अब शुक्रवार को तलाशी अभियान के आखिरी चरण में हैं और उसके बाद अभियान समाप्त कर दिया जाएगा। अग्निशमन दल के लोग सबसे ज्यादा उन इमारतों की तलाशी पर फोकस कर रहे हैं, जहां से सबसे ज्यादा कॉल आए थे, लेकिन अग्निशमन दल के लोग पहुंच नहीं पाए थे।

हांगकांग के सुरक्षा सचिव क्रिस तांग ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जली हुई इमारतों से शव बरामद हो रहे हैं और मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। बुधवार दोपहर में हांगकांग के ताई पो इलाके में स्थित वांग फुक्क कोर्ट परिसर में आठ इमारतों में से सात में आग लग गई थी। इमारतों में पुनर्निर्माण के काम के लिए बांस की मचान लगी हुई थी, जिनके चलते आग तेजी से फैली और एक इमारत से शुरू हुई आग ने सात इमारतों को चपेट में ले लिया। एक हजार से ज्यादा अग्निशमन दल के जवानों ने 24 घंटे में आग पर नियंत्रण पाया था।

श्रीलंका में बाढ़-भूस्खलन से 56 की मौत

600 से ज्यादा घर तबाह, स्कूल-दफ्तरों को बंद किया गया

नई दिल्ली। श्रीलंका में चक्रवाती तूफान दितवाह के चलते लगातार हो रही भारी बारिश और इसके प्रभाव से पैदा हो रहे भूस्खलन की वजह से हालात काफी बिगड़ चुके हैं। देशभर में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। बिगड़ते हालात को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया।

बता दें कि पिछले सप्ताह से ही श्रीलंका खराब मौसम से जूझ रहा है। हालांकि, गुरुवार को मूसलाधार बारिश ने यहां तबाही मचा दी। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए। इसके चलते कई इलाकों में

भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। सरकार के मुताबिक, सबसे ज्यादा तबाही बदुल्ला और नुवारा एलिया के पहाड़ी चाय उत्पादन क्षेत्रों में दिखी, जहां गुरुवार को ही 25 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार इन दो क्षेत्रों में 21 लोग लापता हैं, जबकि 14 घायल बताए जा रहे हैं।

देश के अन्य हिस्सों में भी भूस्खलनों से कई लोगों की जान गई है। लगातार तेज बारिश से अधिकतर नदियां और जलाशय उफान पर हैं। इसके चलते कई सड़कें बंद हैं। चट्टानें, पेड़ और मिट्टी गिरने से कई रास्ते और रेलवे ट्रैक बंद हो गए। इसी वजह से यात्री ट्रेनों की सेवाएं भी रोक दी गईं।

स्थानीय टीवी चैनलों पर गुरुवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें वायुसेना का एक हेलिकॉप्टर बाढ़ में फंसे घर की छत पर खड़े तीन लोगों को बचाता दिखा। वहीं नौसेना और पुलिस नावों की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही है। एक और दिल दहला देने वाली घटना में, अम्पारा के पास बाढ़ में एक कार बह गई, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। श्रीलंका में मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे और चुनौतीपूर्ण रहने की चेतावनी दी है, जिससे राहत-बचाव टीमों पर दबाव और बढ़ गया है।

डंपर हादसे में 7 मौतें

सहारनपुर। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सहारनपुर के सैय्यद माजरा गांव का रहने वाला एक परिवार कार से कहीं जा रहा था। जैसे ही कार गांव की सीमा पार करके एक्सप्रेसवे पर पहुंची, उसी समय देहरादून की दिशा से तेज रफ्तार में खनिज से भरा एक डंपर आ रहा था। जो अनियंत्रित होकर कार पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार को अचानक सामने देखकर डंपर चालक ने ब्रेक लगाए, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया। नियंत्रण खोने पर डंपर सीधे कार के ऊपर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह डंपर के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

कांग्रेस मेरे लिए मंदिर है...जल्द दिल्ली जाएंगे

बंगलूरू। कर्नाटक की राजनीति में इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए प्रदेश में अंदर ही अंदर खींचतान मची है। दरअसल, कर्नाटक में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी तो अंदरखाने से ये बात सामने आ रही थी कि पांच साल के कार्यकाल में ढाई साल सिद्धारमैया और बाकी ढाई साल डीके शिवकुमार सत्ता संभालेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक एलान नहीं हुआ था। फिर भी डीके शिवकुमार गुट के कई विधायक इस बात को मान रहे थे। अब सिद्धारमैया के ढाई साल पूरे हो

चुके हैं। ऐसे खींचतान मचना तो लाजमी है। कुछ दिन पहले ही शिवकुमार गुट के कई विधायकों ने दिल्ली के आला-कमान से मिलने भी गए। इस दौरान उन्हें चेतावनी दी गई कि वो मीडिया के सामने कोई भी बेमतलब का बयान नहीं देंगे। इसके बाद कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी में कोई अन बन नहीं है। सब ठीक चल रहा है। उस समय डीके शिवकुमार भी कुछ नहीं बोल रहे थे। वो चुप्पी साधे हुए थे। हालांकि अब उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

अंदरूनी खींचतान के बीच उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने साफ कहा है कि वे जल्द दिल्ली जाएंगे और पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपना मंदिर बताते हुए कहा कि पार्टी का लंबा इतिहास है और दिल्ली हमेशा मार्गदर्शन करती रही है। शिवकुमार ने कहा कि जब भी आलाकमान बुलाएगा, वे और मुख्यमंत्री दोनों वहां मौजूद रहेंगे।

रूस-वेनेजुएला ने 19 समझौतों पर किये हस्ताक्षर

मॉस्को(वार्ता)। रूस और वेनेजुएला के प्रतिनिधिमंडलों ने शिक्षा, अनुसंधान, युवा नीति, तेल उत्पादन, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों को कवर करने वाले तीन समझौतों सहित कुल 19 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों ने उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी रूसी-वेनेजुएला आयोग की बैठक के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही 15 सहयोग समझौतों पर भी दोनों हस्ताक्षर किए गये हैं।

वक्फसंपत्तियों के रिकॉर्ड को सेंट्रल पोर्टल पर अपलोड करें : ममता

कोलकाता। ममता सरकार की पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग ने सभी जिला अधिकारियों (DM) को निर्देश दिया है कि वे वक्फ संपत्तियों का ब्योरा केंद्र सरकार के 'MID' यानी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करना शुरू करें।

एक भरोसेमंद सूत्र ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अधिकारियों ने इस काम को केंद्र सरकार द्वारा तय की गई समयबद्ध अनुपालन (टाइम-बाउंड कम्प्लायंस) बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने राज्यों से छह

दिसंबर तक सभी ÷बिना विवाद वाली÷ वक्फ संपत्तियों की जानकारी अपलोड करने को कहा है, जिससे राज्य प्रशासन को तुरंत डेटा-एंट्री प्रोसेस शुरू करने के लिए कहा गया है।

कौन-सी संपत्ति डाली जाएगी?

एक अधिकारी ने कहा कि जिला अधिकारियों को भेजे गए संदेश में चार मुख्य निर्देश दिए गए हैं। उन्हें अपलोडिंग प्रोसेस समझाने के लिए इमाम, मुअज्जिन और मदरसा शिक्षकों के साथ बैठक करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने आगे कहा कि डीएम को बताया गया है कि पोर्टल में केवल बिना विवाद वाली संपत्ति ही डाली जानी हैं।

कई मुतवल्लियों ने की शिकायत

केंद्र सरकार ने इस साल की शुरुआत में वक्फएक्ट, 1995 के कई नियमों में बदलाव किए थे। हालांकि इनमें से कुछ बदलाव अभी भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं, लेकिन राज्य सरकार के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि केंद्र के प्रस्तावित बदलावों को लागू करने पर कोई रोक नहीं है। इसका मतलब है कि राज्य दिए गए समय के अंदर निर्देश का पालन करने के लिए मजबूर है।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

एचडीएफसी बैंक की 17वीं सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव, 5 दिसंबर 2025 को

मुंबई। भारत का निजी क्षेत्र का अग्रणी एचडीएफसी बैंक अपने फ्लैगशिप सीएसआर इनिशिएटिव, परिवर्तन के तहत देश भर में ब्लड डोनेशन ड्राइव का 17वां एडिशन ऑर्गनाइज़ करेगा। यह ब्लड डोनेशन ड्राइव 5 दिसंबर, 2025 को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक एक साथ भारत के 1,100 से ज़्यादा शहरों में होगा। इसमें एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी, ग्राहक, कॉर्पोरेट, डिफेंस फोर्स के मेंबर, स्टूडेंट और कम्युनिटी मेंबर शामिल होंगे। यह इनिशिएटिव कम्युनिटी वेलफेयर के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दिखाता है और देश की सुरक्षित और समय पर ब्लड डोनेशन की लगातार ज़रूरत को सपोर्ट करता है। यह सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव बैंक द्वारा शुरू किए गए पहले सीएसआर इनिशिएटिव में से एक है और हेल्थकेयर और हाइजीन के मेन

फोकस एरिया में आता है।

एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कैज़ाद भरूचा ने कहा, यह ड्राइव कई सालों से लोगों को एक कॉमन मकसद के लिए एक साथ लाती रही है। ब्लड डोनेट करना एक आसान काम है जो किसी की ज़िंदगी में तुरंत बदलाव ला सकता है। हम हर वॉलंटियर और पार्टनर के शुक्रगुजार हैं जो हर साल इस कोशिश को सपोर्ट करते हैं। एचडीएफसी बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री भावेश ज़वेरी ने कहा, ÷सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव लगातार बढ़ी है, क्योंकि हमारे कर्मचारी और भागीदार इसे ईमानदारी और टीमवर्क के साथ करते हैं। हमें इस बात पर गर्व है कि यह पहल कैसे आगे बढ़ी है और हम देश के हेल्थकेयर इकोसिस्टम में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हर डोनर इस मिलकर की गई कोशिश को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है। हर साल बैंक, सुरक्षा, पारदर्शिता और मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन यकीनी बनाने के लिए जाने-माने ब्लड बैंकों और हेल्थकेयर ऑर्गनाइज़ेशन के साथ मिलकर काम करता है। इस साल यह पहल देश भर के जाने-माने ब्लड बैंकों, सरकारी अधिकारियों और एनजीओस के साथ अपनी पार्टनरशिप जारी रखेगी। यह ड्राइव 18 से 60 साल के सभी सेहतमंद डोनर के लिए खुली है। जो लोग इसमें भाग लेने की रुचि रखते हैं, वे किसी भी जगह लगने वाले कैंप में जा सकते हैं।

अमेज़न इंडिया ने 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की

स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फैशन, ब्यूटी, रोज़मर्रा की जरूरतें, होम और किचन प्रोडक्ट्स सहित

बैंगलोर। अमेज़न इंडिया ने आज ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की, जो 28 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक चलेगा। सेल के दौरान ग्राहक लाखों शुरुआती डील्स का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें होम डेकोर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी और परिधान जैसी श्रेणियां शामिल हैं, और यह एप्पल, सैमसंग, एचपी, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, प्रेस्टीज, सेल्लो, टाइटन, लॉरियल, प्यूमा, वनप्लस और अन्य प्रमुख ब्रांड्स से उपलब्ध हैं। शॉपिंग को आसान बनाने के लिए, ग्राहक क्यूरेटेड डील फॉर्मैट्स का लाभ उठा सकते हैं, जैसे न्यू डील ड्रॉप जिसमें रोज़ाना थीम्ड चयन

होते हैं जैसे ब्लैक फ्राइडे बेस्ट ब्रांड्स, ट्रेंडिंग डील्स, 8PM डील्स, अपग्रेड एट 99 नो कॉस्ट ईएमआई के साथ, कस्टमर्स' मोस्ट लव्ड फ्रॉम अवर टॉप-रेटेड पिक्स, टॉप 100 इन्फ्लुएंसर फेवरेट्स, नए डोरबस्टर डील्स जिनमें ट्रेंडिंग प्रोडक्ट्स पर शानदार ऑफ़र शामिल हैं, और क्यूरेटेड स्टोर्स जैसे ट्रैवल स्टोर, वेडिंग स्टोर, गिफ्टिंग स्टोर, विंटर एसेंशियल्स और एक्सचेंज मेला। इसके साथ ही ग्राहक एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी और अमेज़न पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर 10% तक की बचत* भी प्राप्त कर सकते हैं।

3 खिलाड़ी लौटे तो जीत की पटरी पर लौट आएगी टीम इंडिया!

नई दिल्ली। टेस्ट में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में बदलाव की मांग तेज हो गई है। साथ ही हेड कोच गौतम गंभीर के भी हटाने की बात कही जा रही थी। हालांकि, इसको लेकर बीसीसीआई ने अपना रूख साफ कर दिया है। बीसीसीआई ने कहा कि हेड को बदलने का अभी कोई इरादा नहीं है। गंभीर तीनों प्रारूप में कोच बने रहेंगे। वहीं, भारत को घरेलू मैदान पर एक और टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। 26 नवंबर को गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका ने जीत

दर्ज कर भारत के खिलाफ क्लीन स्वीप किया। यह एक साल के भीतर घरेलू मैदान पर उसकी दूसरी टेस्ट सीरीज हार थी, जिससे भारतीय टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सवाल उठने लगे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए भारत को अपना बेस्ट प्रदर्शन करना होगा। भारत को अब मौजूदा टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की जरूरत है। साथ ही सभी विभागों में सुधार की जरूरत है और अनुभव और स्थिरता को मजबूत करने के लिए कुछ योग्य खिलाड़ियों की टेस्ट टीम में वापसी जरूरी है। तीन ऐसे खिलाड़ी हैं जिनको टीम में शामिल किया जा सकता है।

टेस्ट का बदला वनडे में लेंगे ये 11 धुरंधर

नईदिल्ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले 3 मैचों की वनडे सीरीज का आगाज 30 नवंबर से हो रहा है. प्रतिष्ठित सीरीज का पहला मुकाबला रांची में खेला जाएगा. महत्वपूर्ण सीरीज का आगाज हो उससे पहले बात करें पहले वनडे में भारतीय टीम किस प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान में उतर सकती है, तो वो कुछ इस प्रकार हो सकता है-

रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी का आगाज करते हुए आ सकते हैं नजर पहले वनडे मुकाबले में रोहित शर्मा का बतौर ओपनर खेलना लगभग तय है. क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जरूर वनडे सीरीज भारतीय टीम जीत नहीं पाई थी. मगर पारी का आगाज करते हुए उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा था. इसके अलावा उनके जोड़ीदार के रूप में यशस्वी जायसवाल को मौका मिल सकता है. युवा यशस्वी लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं. मगर गिल की मौजूदगी में उन्हें लगातार मौका नहीं मिल पा रहा है. अब जबकि गिल चोटिल हैं तो उम्मीद जताई जा रही है कि उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है।

44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मण्डप को रजत पदक

तिवारी ने प्राप्त किया पदक

भोपाल/नवप्रदेश। नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम में 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित हुए 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश मण्डप को राज्यों की श्रेणी मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रजत पदक से सम्मानित किया गया। गुरूवार की शाम को भारत मण्डपम में आयोजित एक समारोह में इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (ढ्ढञ्जक्क) के डॉ. नीरज खैरवाल, प्रबन्ध निदेशक ने यह पुरस्कार मध्यप्रदेश मण्डप के संचालक श्री बी. एन. तिवारी, को प्रदान किया। इस अवसर पर श्री एन. के. नरें, संयुक्त संचालक, डा. राजू राठौर, सुश्री प्रियंका सोनी, श्री देवेन्द्र रघुवशीं, सुश्री कविता बारिया, सहायक संचालक उद्योग एवं श्री जगमोहन सिंह तथा श्री सी. के. प्रिन्स भी उपस्थित थें। इस वर्ष मेले की थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत अनुरूप मध्यप्रदेश मण्डप को ग्वालियर किले के रूप में तैयार किया गया था तथा मण्डप के केन्द्र में 64 योगिनी मन्दिर को दर्शाया गया था। लुटियन्स ने जब भारतीय संसद भवन का डिजाइन तैयार किया था तब उन्होने भारत वर्ष की नामी गिरामी इमारतों के डिजायन बुलवाये थे, जिसमें से उन्होने मुरैना जिले के 64 योगिनी मन्दिर का चुनाव किया था। इसके आधार पर ही उन्होंने भारतीय संसद के भवन का निर्माण कराया था। इस स्थान पर सभी देशी विदेशी पर्यटक भ्रमण करने के लिए आते हैं। इससे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत होती है और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलता है। मण्डप में मध्यप्रदेश की विश्व धरोहारों- खजुराहो, सांची स्तूप एवं भीमबेटका के साथ प्रस्तावित धरोहर स्थलों, विभिन्न

सांस्कृतिक महोत्सवों, हस्तशिल्प, हाथकरघा, जी.आई. ओ.डी.ओ.पी. उत्पादों को भी सजाया गया। मण्डप में उत्पादों को होलोग्राफिक इमेज से भी प्रदर्शित गया है। इन उत्पादों की विकी भी हुई। प्रदेश शासन की विभिन्न नीतियों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। मण्डप में औधोगिक विकास के साथ साथ पर्यटन की भी पूर्ण जानकारी प्रदर्शित की गयी। मण्डप मे सिंहस्थ-2028 की तैयारी को भी स्थान दिया गया। इन्दौर के जी.आई. उत्पाद, चमड़े के खिलौने एवं टेराकोटा का संजीव प्रदर्शन किया गया है। स्टार्टअप ने भी अपने उत्पादों के प्रचार प्रसार के साथ विकय भी किया। मध्यप्रदेश मण्डप में निर्मित विरासत, सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय विरासत एवं वन्य जीवन को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया। मण्डप ने जहां एक ओर प्रदेश की गौरवशाली विरासत को प्रदर्शित किया वही दूसरी ओर सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बाधने का संदेश भी दिया है। यही कारण है कि मेले में इस बार फिर मध्यप्रदेश मण्डप लोगों के लिए आर्कषण का केन्द्र बना। यहां अभ्युदय मध्यप्रदेश की झलक साफ देखी गई। मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है। यहां कि एतिहासिक धरोहर, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल, लोक परम्पराओं की समृद्धि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ को न केवल पूरी कर रही है अपितु विश्व पर्यटन मानचित्र पर इसे अग्रणी स्थान दिला रही है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, की ओर से म. प्र. लघु उद्योग निगम द्वारा विगत 43 वर्षों से इस मेले में नोडल एजेंसी के रूप में कार्य किया जा रहा है। इस मेले में विगत दो वर्षों से निरन्तर म. प्र. राज्य को विषयतगत प्रस्तुति के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। मेला अवधि के दौरान राज्य दिवस समारोह 21 नवम्बर 2025 को मनाया गया। इस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में श्री चैतन्य कुमार काश्यप, मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग सम्मलित हुए।

राजधानी में पुलिस की सख्त कार्रवाई, गुंडे-बदमाशों से भरवाये डोजियर फार्म

कई पर हुई कार्रवाई

भोपाल/नवप्रदेश। टीटी नगर में 15 गुंडे और 3 निगरानी बदमाश चेक किए गए, कमला नगर में 10 गुंडे और रातीबड़ में 15 गुंडे तलब हुए। पुलिस का उद्देश्य इन बदमाशों को भविष्य में अपराध से दूर रखना है। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने राजधानी में सक्रिय गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत टीटी नगर संभाग के थाना प्रभारी कमला नगर निरूपा पाण्डेय, थाना प्रभारी रातीबड़ रासबिहारी शर्मा एवं थाना प्रभारी टीटी नगर गौरव दौहरे के नेतृत्व में थानों के सक्रिय गुंडे और निगरानी बदमाशों को थाने लाकर पूछताछ उनके डोजियर फार्म भरवाने के साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार टीटी नगर पुलिस द्वारा 15 सक्रिय गुंडा, तीन निगरानी बदमाश चेक किए तथा तीन सक्रिय बदमाशों पर धारा 170, 29 बदमाशों के विरुद्ध धारा 126-135 तथा 08 बदमाशों के विरुद्ध धारा 129 के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार कमला नगर थाना पुलिस ने 10 सक्रिय गुंडों एवं तीन निगरानी बदमाशों को चेक किया गया। 9 सक्रिय बदमाशों के खिलाफ बाउंड ओवर और दो बदमाशों के खिलाफ धारा 129 के तहत कार्रवाई की गई। इधर रातीबड़ पुलिस ने 15 सक्रिय एवं 4 निगरानी बदमाशों के चेक किया गया। 8 बदमाशों के खिलाफ 126-135 तथा 4 बदमाशों के खिलाफ धारा 129 के तहत कार्रवाई की गई है। भोपाल पुलिस द्वारा प्रत्येक थाने में सक्रिय गुंडे-बदमाशों को तलब कर थाने बुलाने के साथ ही उनके डोजियर फार्म भरवाए जा रहे हैं, ताकि वह भविष्य में अपराध से दूर रहें।

लेकिन दो दिन बाद फिर से शीतलहर लौटने का अनुमान

नवंबर में ठंड ने लिया यू-टर्न: दिन में गर्मी: रात में भी पारा 15 के पार

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड ने यू-टर्न लिया है। आम तौर पर नवंबर के आखिरी सप्ताह कड़ाके की ठंड पड़ती है, लेकिन इस बार दिन में गर्मी है और रात में भी पारा 15 डिग्री से ज्यादा चल रहा है। ऐसा बर्फीली हवा प्रदेश में नहीं आने से हो रहा है। बुधवार-गुरुवार की रात में भी भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 20 से ज्यादा शहरों में पारा 15 डिग्री से ज्यादा ही रहा। हालांकि, दो दिन बाद फिर से पारा लुड़कने लगेगा। हालांकि, प्रदेश में सुबह के समय कोहरा छा रहा है। भोपाल में दिनभर धुंध का असर रहता है। सुबह के समय विजिबिलिटी 1 हजार मीटर तक रहती है। सीहोर में भी कोहरे का असर देखने को मिलता है। कोहरे की वजह से ही गुरुवार सुबह सीहोर में सड़क हादसा हो चुका है। नर्मदापुरम, रीवा समेत कई शहरों में कोहरा छा रहा है।

6 से 22 नवंबर तक कड़ाके की ठंड रही, अब राहत

बता दें कि प्रदेश में 6 नवंबर से ही कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया था। आम तौर पर नवंबर के दूसरे पखवाड़े से तेज ठंड पड़ती है, लेकिन इस बार पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में समय से पहले बर्फबारी हो गई। इस वजह से बर्फीली हवाओं से एमपी भी कांप उठा। भोपाल में लगातार 15 दिन तक शीतलहर चली। रिकॉर्ड के अनुसार, साल 1931 के बाद शीतलहर के यह सबसे ज्यादा दिन है। दूसरी ओर यहां रात का पारा 5.2 डिग्री तक पहुंच गया, जो ओवरऑल रिकॉर्ड भी रहा। इंदौर में नवंबर की सर्दी का 25 साल का रिकॉर्ड टूट गया। 22 नवंबर तक तेज ठंड का असर रहा, लेकिन इसके बाद शीतलहर से राहत मिली। ऐसा हवा का दिशा बदलना रहा। इस वजह से उत्तर से ठंडी हवा एमपी में नहीं आई और शीतलहर से राहत मिल गई, लेकिन आगे एक बार फिर कड़ाके की ठंड और शीतलहर का दौर शुरू होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है, जो अगले दो-तीन दिन के अंदर हिमालयीन क्षेत्र में पहुंच सकता है। इससे उत्तरी राज्यों में ठंड का असर बड़ेगा और हवाओं की वजह से एमपी में भी ठिठुरन बड़ जाएगी।बुधवार-गुरुवार की रात प्रदेश के शहरों में रात के तापमान में बड़ोतरी देखने को मिली। भोपाल में 15 डिग्री, इंदौर में 16.3 डिग्री, ग्वालियर में 10.3 डिग्री, उज्जैन में 17 डिग्री और जबलपुर में पारा 13.6 डिग्री रहा। रीवा, कल्याणपुर और नौगांव में पारा 10 डिग्री से नीचे ही रहा। दूसरी ओर, रतलाम, टीकमगड़, सागर, गुना, खंडवा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, धार, सिवनी, बैतूल, नर्मदापुरम समेत कई शहरों में पारा 15 से 18.8 डिग्री के बीच रहा। वहीं, गुरुवार को उज्जैन, खंडवा, खरगोन, धार, नर्मदापुरम, इंदौर, रतलाम, मंडला में पारा 29 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में प्रदेश के अधिकांश शहरों में रात के तापमान में 8 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

विश्व बैंक की सहायता से छिंदवाड़ा सीवरेज परियोजना का काम पूरा

परियोजना लागत 237 करोड़ रूपये

भोपाल/नवप्रदेश। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट द्वारा विश्व बैंक की सहायता से छिंदवाड़ा सीवरेज परियोजना का काम पूरा कर लिया गया है। परियोजना की कुल लागत 237 करोड़ रुपये है, जिसमें इसके 10 वर्षों के संचालन और रखरखाव का खर्च भी शामिल है। परियोजना के तहत शहर में 28 एमएलडी क्षमता वाला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है और 271 किलोमीटर का सीवरेज नेटवर्क बिछाया गया है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से छिंदवाड़ा की 2 लाख से अधिक आबादी को लाभ हो रहा है। आधुनिक तकनीक से तैयार सीवरेज प्लांट में मलजल के शोधन के बाद निकले जल का सिंचाई और अन्य कार्यों में पुन- उपयोग किया जा रहा है। सीवरेज प्लांट के बन जाने से शहर की स्वच्छता में सुधार हुआ है। अब नगर का मलजल सीधे नदियों में पूरी तरह से न मिलने पर सफलता मिली है। सीवरेज प्लांट के निर्माण से शहर के पर्यावरण संरक्षण को और भी मदद मिली है।

आधार बेस अटेंडेंस पर प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्ड्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्ड्पनी के मुख्ड्यालय में आधार बेस अटेंडेंस सिस्टम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में कंपनी में काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को आधार बेस अटेंडेंस सिस्टम की तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस प्रणाली के लागू होने से गुड गवर्नेंस के साथ कंपनी की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी आई है।

एसआईआर सर्वे पर शहर काजी की अपील: एक भी नागरिक छूटना नहीं चाहिए

आज ही फॉर्म भरें और वेबसाइट पर चेक करें

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी के शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने एसआईआर सर्वे को लेकर मुस्लिम समाज सहित शहर के सभी नागरिकों से एक बार फिर पुरजोर अपील की है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने फॉर्म भर दिया है, वे इस बात की पुष्टि वेबसाइट पर जाकर जरूर कर लें कि उनका फॉर्म सफलतापूर्वक जमा हो गया है।

काजी नदवी ने कहा कि जिन्होंने फॉर्म जमा कर दिया है, वे यह जिम्मेदारी महसूस करें कि उनकी प्रक्रिया सही तरीके से पूरी हुई है। वेबसाइट पर जाकर स्टेटस चेक कर लें। और जिन्होंने अभी तक फॉर्म नहीं भरा, उनसे गुजारिश है कि समय बहुत कम है। मेरी आवाज सुनते ही आज ही फॉर्म लें और भरकर जमा कर दें। उन्होंने आगे कहा- BLO जो काम कर रहे हैं, वे सरकार की तरफ से नियुक्त कर्मचारी हैं। उनसे पूरे सलीके और तहजीब के साथ बात करें और जो दस्तावेज वे मांगें, उन्हें पूरा करें।

नौजवानों से आह्वान, जागरूकता बढ़ाएं

काजी ने युवाओं और तंजीमों के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा- जो नौजवान इस मुहिम में लगे हैं, अल्लाह उन्हें जजा-ए-खैर दे। लेकिन अब और तेजी की जरूरत है। खासकर उन लोगों की मदद करें जो कम पढ़े-लिखे हैं या फॉर्म भरना नहीं जानते। उन्होंने समाज को आगाह करते हुए कहा कि हम फिर याद दिलाना चाहते हैं कि कोई भी नागरिक छूटने न पाए। अगर आज हमने कोताही की तो आगे चलकर बड़ी परेशानियां सामने आ सकती हैं। इसलिए हर घर का हर सदस्य इस प्रक्रिया में शामिल हो।

ऐसे समझें एसआईआर सर्वे

बीएलओ वोटर्स को एक गणना पत्रक देंगे। जिसमें आपको अपनी पूरी जानकारी भरना होगी। इसमें नाम, पता, उम्र और EPIC नंबर जैसे जानकारी होगी। परिवार में किसी की मृत्यु होने, बाहर शिफ्ट हुए हैं या नाम दूसरे राज्य में दर्ज है। इन्हें संबंधित विधानसभा प्रभारी यानी एसडीएम नोटिस देकर दस्तावेज मांगेंगे। काजी नदवी ने कहा कि समाज में एसआईआर को लेकर डर या अफवाहें फैल रही हैं, जबकि ऐसा होना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हर देश का नागरिक अपनी पहचान का कार्ड बनवाता है। यह कोई नया या डरने वाला काम नहीं है।

सीएम का 2.60 तो विधायकों का 1.70 लाख रुपये हो सकता है वेतन-भत्ता, विधेयक लाएगी सरकार

भोपाल/नवप्रदेश। दस साल बाद मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, विधायक और पूर्व विधायक के वेतन-भत्ते में वृद्धि होगी। एक दिसंबर से प्रारंभ हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सामान्य प्रशासन और संसदीय कार्य विभाग वेतन-भत्ता संशोधन विधेयक प्रस्तुत करेंगे। इसकी तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई है। मुख्यमंत्री का वेतन-भत्ता दो लाख से बढ़कर 2.60 लाख तो विधायकों का 1.10 से 1.70 लाख रुपये प्रतिमाह तक किया जा सकता है। इसी अनुपात में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष के वेतन-भत्ते में वृद्धि होगी।

प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दस वर्ष से विधायकों के वेतन-भत्ते में वृद्धि नहीं हुई। जबकि, खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसे देखते हुए वेतन-भत्ते में संशोधन किया जाएगा। इसके लिए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में भाजपा से अजय विश्नोई और कांग्रेस से सचिव यादव को लेकर समिति बनाई गई थी। इसकी दो बैठकों में विभिन्न राज्यों में विधायकों को दिए जा रहे वेतन-भत्ते का अध्ययन रिपोर्ट रखी गई। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी संसदीय कार्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद पुनरीक्षित वेतन-भत्ते का प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा।

किसका वेतन कितना बढ़ने का अनुमान

सूत्रों के अनुसार विधायकों का वेतन-भत्ता एक लाख 70 हजार रुपये, पूर्व विधायकों का 35 से बढ़ाकर 58 हजार, मुख्यमंत्री को दो लाख से बढ़ाकर 2.60 लाख, मंत्रियों का 1.70 लाख से बढ़ाकर 2.20 लाख, राज्यमंत्री का 1.50 लाख से दो लाख, विधानसभा अध्यक्ष का 1.85 से बढ़ाकर 2.20 लाख, उपाध्यक्ष का 1.70 से बढ़ाकर दो लाख, नेता प्रतिपक्ष का 1.70 से बढ़ाकर 2.20 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन-भत्ता किया जा सकता है। इसमें वेतन, सत्कार, निर्वाचन क्षेत्र के साथ दैनिक भत्ता शामिल है। प्रदेश के बाहर प्रवास पर ढाई हजार रुपये के हिसाब से दैनिक भत्ता मिलता है।

फार्मेसी काउंसिल कार्यालय भोपाल में हंगामा, स्टाफ पर छात्र को कमरे में बंद कर पीटने का आरोप

मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल कार्यालय में एक छात्र के साथ बंद कमरे में मारपीट किए जाने की घटना ने पूरे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रजिस्ट्रेशन संबंधी काम से पहुंचे युवक और गार्ड के बीच सामान्य कहासुनी के बाद अचानक हालात बिगड़ गए, जिसके बाद स्टाफ पर युवक को कमरे में बंद कर पिटाई करने का आरोप लगा है।

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को एक छात्र के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। इंदौर से रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल कराने इंदौर से आए युवक और गार्ड के बीच हुई सामान्य कहासुनी देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। इस घटना ने कार्यालय की कार्यप्रणाली और स्टाफ के व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।वजानकारी के मुताबिक, पीड़ति युवक किसी जरूरी कार्य से फार्मेसी काउंसिल कार्यालय पहुंचा और संबंधित अधिकारी से मिलने की अनुमति मांग रहा था। गार्ड द्वारा प्रवेश रोकने पर दोनों के बीच बहस हो गई। आरोप है कि इसके बाद कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने युवक को भीतर एक कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और सामूहिक रूप से उसकी पिटाई कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक हुई इस घटना से कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहीं पीड़ति युवक इस पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में है। घटना ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों की मनमानी और दबंगई किस हद तक बढ़ चुकी है। उधर, छात्रों का कहना है कि काउंसिल में लंबे समय से कई कार्य अटके पड़े हैं, इसी वजह से आवेदक परेशान होकर बार-बार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इस बीच हुई मारपीट ने विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। फार्मेसी काउंसिल प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

घटना के बाद शुक्रवार को एनएसयूआई ने काउंसिल अध्यक्ष संजय जैन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ता फार्मेसी काउंसिल कार्यालय पहुंचे और संजय जैन की नेम प्लेट पर कालिख पोतकर उनका सार्वजनिक विरोध दर्ज कराया। एनएसयूआई का आरोप है कि अध्यक्ष संजय जैन ने स्वयं छात्र से बदसलूकी और मारपीट की तथा उसे कमरे में बंद करके धमकाया। संगठन का कहना है कि किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का इस तरह हिंसा में शामिल होना बेहद शर्मनाक है।

एनएसयूआई ने छह प्रमुख मांगें रखी

1. फार्मेसी काउंसिल अध्यक्ष संजय जैन को तुरंत पद से हटाया जाए।
2. छात्र तुषार से मारपीट, धमकी और बंद कर रखने के मामले में एफआईआर दर्ज की जाए।
3. घटना में शामिल कर्मचारियों और गार्डों की भूमिका की जांच हो।
4. काउंसिल कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर जांच में शामिल किए जाएं।
5. परिषदों में छात्रों के साथ होने वाले व्यवहार पर सख्त गाइडलाइन जारी हों।
6. छात्र पर दर्ज की गई एफआईआर वापस ली जाए।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नं. 03 नेशनल प्रेस एरिया लिंक रोड नं. 3 से मुद्रित कर ई -2/237 अरेरा कॉलोनी भोपाल से प्रकाशित मो. 9425237314 Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)